

नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी




◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 276 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, सोमवार 31 जुलाई 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -4 पर — मतदान हमारी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी, निभाना जरूरी-कलेक्टर तारन ...

पेज -7 पर — छत्तीसगढ़ की सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ेगी आम आदमी पार्टी


# चारा घोटाला से भी बड़ा छत्तीसगढ़ का गौठान घोटाला!

## बीजेपी ने की सीबीआई जांच की मांग

**रायपुर। छत्तीसगढ़ में चुनाव के पहले बीजेपी आक्रामक मोड में आ गई है. कथित घोटालों के नाम पर यहां बीजेपी लगातार कांग्रेस सरकार को घेर रही है. अब बीजेपी ने गौठन में 1300 करोड़ रुपये के घोटाले का बड़ा आरोप लगाया है।**



इसके तुलना बीजेपी ने चारा घोटाले से की है और सीबीआई जांच की मांग की है. इस पर छत्तीसगढ़ में सियासत तेज हो गई है. वहीं बीजेपी के इन आरोपों को कांग्रेस ने केवल दिमागी फितूर बताया है. दरअसल, शनिवार को बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने रायपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सरकार पर आरोप लगाए हैं कि गौठानों में गायों के लिए इंतजाम नहीं है. गोबर से निर्मित खाद का कहीं अता पता है. हमने राज्य के 3 हजार 948 गौठान का निरीक्षण किया हैं. इन गौठानों में कहीं भी गाय नहीं है. राज्य के 80 फीसदी गौठानों में गाय नहीं रहती है. सरकार इन गौठानों पर हर महीने 10 हजार रुपये खर्च करती है. कांग्रेसी इस पैसे का बंदरबाट कर रहे हैं. इसलिए बीजेपी की मांग है कि बिहार के चारा घोटाले की तर्ज पर ही इस गौठान घोटाले की जांच सीबीआई से कराई जाए। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा केंद्र सरकार द्वारा गांवों के विकास के लिए भेजी गई राशि में भूपेश सरकार ने गौठानों के नाम पर भारी भ्रष्टाचार किया है. प्रदेश सरकार ने दो रुपये किलो की दर से गोबर खरीदकर उसे 10 रुपये प्रति किलो की दर से घटिया वर्मी कंपोस्ट के नाम पर किसानों को बेचा. विभिन्न मदों में पंचायतों के विकास के लिए आई राशि सरपंचों से छीनकर अनेक बहानों से उसकी बंदरबांट कर ली गई है. कांग्रेसी नेता बिना चुनाव के गौठानों पर कब्जा करके बैठ गए हैं. इसके अलावा उन्होंने ये भी दावा किया है कि बदइंतजामी का आलम यह है कि अक्टूबर 2022 में सिर्फ तीन गौठानों में 150 गायों ने भूख, प्यास और घुटन के चलते दम तोड़ा।

### कांग्रेस ने बीजेपी को लिया आड़े हाथ

*इसके साथ सुशील आनंद शुक्ला ने बीजेपी को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि रमन सिंह के राज में 1000 एकड़ सरकारी जमीन का बंदरबाट हुआ. रमन सिंह के राज में गौशालाओं के नाम पर 1677.67 करोड़ रुपये बीजेपी वालों ने गौशाला के नाम पर डकार लिए. 15 साल में 17000 से अधिक गायों की मौत भूख से, बिना चारा पानी के तड़प कर हुई. गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार का गोधन न्याय योजना सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं में से एक है. इस योजना के तहत राज्य में सरकार गौठान बना रही है. इन गौठनों में वो दो रुपये प्रति किलो के हिसाब से गोबर खरीद रही है.*

## बढ़ सकती है प्रदेश सरकार की समस्या

# संविदा कर्मचारियों के बाद अब दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने किया हड़ताल का ऐलान

**रायपुर। एक तरफ जहां प्रदेश भर के संविदा कर्मचारी लगभग एक महीने से अपनी नियमितीकरण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है।**




संविदा कर्मचारियों की हड़ताल के चलते प्रदेश की जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

साथ ही सरकार के लिए भी संविदा कर्मचारियों को मनाना मुश्किल हो गया है। वहीं अब सरकार के लिए एक और नई मुसीबत आने वाली है।

### एक अगस्त से हड़ताल शुरू करेंगे दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी

दरअसल, प्रदेश के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी 1 अगस्त से अपनी नियमितीकरण की मांगों को लेकर हड़ताल पर जाएंगे। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी 1 से 7 अगस्त तक अपनी मांगो को लेकर जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद भी अगर उनकी मांगे पूरी नहीं की गई तो, वे सभी 8 अगस्त से नवा रायपूर स्थित तूता धरना स्थल पर प्रदेश व्यापी धरना प्रदर्शन करेंगे और सरकार को अपनी मांगों से अवगत करवाएंगे।

## एक नजर

### महंगाई मुद्दा नहीं है 'दारू' मुद्दा है-राजेश मूणत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में महंगाई को लेकर कांग्रेस द्वारा प्रदर्शन किया गया। जिसे लेकर भाजपा के पूर्व मंत्री राजेश मूणत का बड़ा बयान सामने आया है। राजेश मूणत ने कहा कि जनता पूछ रही है है कि सरकार जनता को पट्टा कब देगी और शराबबंदी कब होगी। आगे राजेश मूणत ने कहा कि महंगाई मुद्दा नहीं है दारू मुद्दा है। अवैध रूप से जो पैसे कमाए हैं वह मुद्दा है। इस दौरान उन्होंने सवाल करतेहुए कहा कि दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई कब करोगे? कांग्रेस पार्टी को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए।

### सर्व आदिवासी समाज नहीं लड़ेगा विधानसभा चुनाव




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के बैनर को लेकर दो गुट आमने-सामने हैं। सर्व आदिवासी समाज के संरक्षक व मंत्री अमरजीत भगत और अध्यक्ष भारत सिंह ने पूर्व केंद्रीय मंत्री अरविंद नेताम को नोटिस भेजकर कानूनी कार्रवाई की बात कही है।

भारत सिंह का कहना है अरविंद नेताम सर्व आदिवासी समाज के बैनर तले चुनाव लड़ने की बात कहते हैं। जबकि सर्व आदिवासी समाज ने ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया है। मंत्री अमरजीत भगत ने कहा है अरविंद नेताम कांग्रेस के नेता हैं।

# महंगाई के खिलाफ कांग्रेस विधायक का प्रदर्शन

## सिलेंडर पर आम आदमी की अर्थी सजाकर किया विरोध, लोगों से की महंगाई पर बात

**रायपुर। देश में लगातार बढ़ रही महंगाई के विरोध में कांग्रेस विधायक विकास उपाध्याय ने आम आदमी की अर्थी सजाकर प्रदर्शन किया। पीएम मोदी की मन की बात का विरोध करते हुए उपाध्याय ने महंगाई पर बात की।**



राजधानी के खमतराई इलाके के गांधी मैदान पर बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता पहुंचे और यहां आम आदमी की अर्थी के सामने सारे महंगे सामानों को सजाया गया। प्रदर्शन के दौरान विकास उपाध्याय ने कहा कि पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस, खाद्य सामग्री,टमाटर और सब्जियों की बढ़ती कीमतों ने आम आदमी को परेशान कर दिया है।देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और आज पीएम मोदी मन की बात कह रहे हैं लेकिन महंगाई की बात कोई नहीं कर रहा, जनता की बात कोई सुन नहीं रहा। उन्होंने कहा कि ये प्रदर्शन नहीं बल्कि आम आदमी की एक मार्मिक अपील है कि महंगाई कम की जाए।

अर्थी सजाकर प्रदर्शन करने की वजह बताते हुए कहा कि लोग गैस सिलेंडर रिफिल नहीं करा पा रहे, रोजमर्रा की जरूरतों के सामान नहीं खरीद पा रहे, टमाटर समेत कई सब्जियां महंगी हो गई है। प्रदेश में आज बीजेपी के नेता पंडाल में पीएम मोदी की मन की बात सुन रहे हैं लेकिन लोगों के मन की बात सुनने का उनके पास समय नहीं है।

### पहले भी टमाटर संग सूखी रोटी खाकर कर चुके हैं प्रदर्शन

*महंगाई को लेकर कांग्रेस लगातार प्रदर्शन कर रही है। इससे पहले भी विकास उपाध्याय सड़क पर सूखी रोटी खाकर प्रदर्शन कर चुके हैं। रायपुर की सड़कों में बैठकर केन्द्र सरकार के खिलाफ ये प्रदर्शन किया गया था। कांग्रेसियों की थाली में टमाटर, मिर्च और रोटी परोसी गई थी और पार्टी की महिला नेताओं ने चूल्हा चौकी पर खाना पकाकर केन्द्र विरोधी थाली परोसी थी। टमाटर और सब्जियों के दामों को लेकर कहा गया था कि जनता टमाटर और बाकी सब्जियां खा नहीं सकती केवल महसूस कर सकती हैं इसलिए ये प्रदर्शन किया गया।*

## चुनावी साल में बड़ा फेरबदल

# एक साथ 77 तहसीलदारों का ट्रांसफर




**रायपुर।** इसी साल के अंत में छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव होने को है। चुनावी साल प्रदेश में तबादलों का दौर जारी है। इसी क्रम में बड़े पैमाने पर तहसीलदारों का तबादला हुआ है। कुल 77 तहसीलदारों का ट्रांसफर किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन राजस्व व आपदा प्रबंधन विभाग आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार, बालोद के नायब तहसीलदार धर्मेश श्रीवास्तव का ट्रांसफर दुर्ग किया गया है। राजश्री पांडेय को बेमेतरा भेजा गया है।

# गहरे तालाब में जाकर नेता ने धार्मिक चीजों के विसर्जन का किया विरोध

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में एक भाजपा पार्षद ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर अनोखा जन जागरण अभियान शुरू किया है। रायपुर के एक तालाब में भाजपा पार्षद कूद गए और पानी में जाकर नेता ने धार्मिक चीजों के विसर्जन का विरोध किया। शनिवार को स्वामी आत्मानंद करबला सरोवर में बारिश के बीच वार्ड नंबर 39 के भाजपा पार्षद अमर बंसल ने सांकेतिक अर्ध जल समाधि लेकर जल संरक्षण की अलख जगाने का काम किया है। चौबे कॉलोनी, समता कॉलोनी इलाके के पार्षद बंसल ने कहा कि, तालाब में अलग-अलग धर्मों से जुड़ी चीजों का विसर्जन होता है। इससे तालाब का पानी दूषित हो रहा है।




### कुंड में हो विसर्जन

पार्षद ने कर्बला तालाब में जाकर, तख्ती लेकर समाज के लोगों को जागरुक करने की बात कही। बंसल ने कहा कि कर्बला तालाबा को हम स्वामी आत्मानंद सरोवर के नाम से भी जानते हैं। हम सब से आग्रह करते हैं कि केमिकल युक्त फूल पत्ती, मूर्ति विसर्जन जैसे चीजों को तालाब में विसर्जित ना किया जाए। पार्षद ने मांग की है कि जिस तरह महादेव घाट में कुंड बनाकर बाकी आयोजनों में विसर्जन की प्रक्रिया अपनाई जाती है। उसी तरह कुंड में ही चीजों को विसर्जित किया जाना चाहिए।

इसकी मांग उन्होंने नगर निगम प्रशासन से भी की है।

## 12 जातियों को जनजातियों की सूची में शामिल किए जाने पर सीएम बघेल का बड़ा बयान

# हमने किया प्रयास, तब मिली सफलता



**रायपुर।** 12 जातियों को जनजातियों की सूची में शामिल किए जाने के पीछे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने प्रयासों का जिक्र किया. उन्होंने कहा कि भाजपा के द्वारा पत्र लिखा गया था, लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। मैने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा, जिसके बाद यह सफलता हासिल हुई है. डबल इंजन की सरकार थी, लेकिन रमन सिंह की चलती नहीं थी. हमने प्रयास किया तब जाकर सफलता मिली है. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मीडिया से चर्चा में कहा कि आदिवासियों जातियों की सूची में शामिल किए जाने पर अरुण साव बोल रहे हैं कि 10 लाख लोगों को लाभ मिलेगा, वहीं केंद्रीय मंत्री 72,000 लोगों को लाभ मिलने की बात कह रहे हैं. भाजपा केवल लाभ लेने का काम कर रही है, पर हमने कई पत्र लिखे.

मुख्यमंत्री ने कहा कि क्कसरकार ने 2008 में ही गारंटी दी थी, जिसमें 5 योजनाएं थी. केंद्र के रेशियो का अंतर पहले ज़्यादा था, अब बहुत कम हो गया है. एक अप्रैल से हमने आर्थिक सर्वेक्षण कराया, जिसमें सबको लाभ मिलेगा. दिल्ली की सरकार ने महंगाई, काला धन, रोज़गार देने जैसे तमाम बातें कही थी, लेकिन ऐसा कुछ हुआ नहीं।

मणिपुर में विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया के दौरे पर कहा कि यदि दौरा दिखावा है तो स्वयं क्यों कमेटी बनाते हैं. वहीं प्रदेश में बाघों की संख्या को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र छत्तीसगढ़ का ट्रांजिट बना हुआ है. बाघ आते-जाते रहते हैं. वहीं गौठान को लेकर कहा कि मिनरल्स का पैसा हम ज़्यादा देते हैं, पर हमें कम मिलता है. भाजपा के दो मज़बूत साथी ED और IT हैं. विधायकों के रिपोर्ट कार्ड को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि हमारे अधिकांश विधायकों की रिपोर्ट ठीक है।

तभी तो हमारी सरकार रिपीट होगी. भाजपा समझ गई है कि राज्य सरकार के लिए खिलाफ जो भी करेंगे वो उल्टा ही पड़ेगा, इसलिए अब विधायकों को टारगेट किया जा रहा है।

# रायपुर में अधिकारी की पत्नी ने किया सुसाइड

**रायपुर।** राजधानी से सनसनीखेज मामला सामने आया है. एक महिला ट्रेन के सामने छलांग लगाकर खुदकुशी कर ली. बताया जा रहा है कि आत्महत्या करने वाली महिला का पति महालेखाकार कार्यालय में एक अधिकारी है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच कर रही है. यह मामला पंडरी थाना क्षेत्र का है.



जानकारी के अनुसार, पंडरी थाना क्षेत्र अंतर्गत मोवा ब्रिज से ट्रेन के सामने महिला ने छलांग लगाकर जान दे दी. आत्महत्या करने वाली महिला विधानसभा के महालेखाकार कार्यालय में अधिकारी दीपक मीणा की पत्नी शारदा मीणा है. बता दें कि मृतक का पति महालेखाकार कार्यालय सहायक लेखा अधिकारी के पद पर पदस्थ है. बताया जा रहा है कि महिला का पति किसी काम से मुंबई गया था. वहां से लौटते ही वह कार लेकर घूमने चला गया और रात को 1 बजे वापस लौटा. जिससे उसकी पत्नी गुस्सा हो गई थी. पति के देर रात घर आने की वजह से पत्नी ने घर का दरवाजा नहीं खोला. जिसके बाद पत्नी ने 3 बजे रात को पत्नी ने दरवाजा खोला और रविवार सुबह 5 बजे करीब रेल पटरी के नीचे आकर जान दे दी.फ़िलहाल इस पूरे ममले में पुलिस जांच कर रही है।

## जयंती... ग्राम दरबार मोखली में डॉ. खूबचंद बघेल जयंती समारोह का किया गया आयोजन

# पाटन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की धरती- सीएम भूपेश बघेल

**रायपुर। मोखली में डॉ. खूबचंद बघेल समारोह का किया गया आयोजन स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय श्री घनाराम बंछोर श्री गैंदलाल बंछोरप्रतिमा का किया अनावरण नव निर्मित रेस्ट हाउस का किया लोकार्पण।**









पाटन की धरती स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की धरती है। अंग्रेजों के कुशासन के विरूद्ध आवाज उठाने का साहस इस धरती के सपूतों ने किया। हम उन्हें नमन करते है। यह बात दुर्ग जिले के पाटन विकासखंड के ग्राम दरबार मोखली में आयोजित मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पाटन राज के डॉ. खूबचंद बघेल जयंती समारोह में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कही। यहां पर उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय श्री घनाराम बंछोर तथा स्वर्गीय श्री गैंदलाल बंछोर की प्रतिमा का अनावरण किया। साथ ही उन्होंने दरबार मोखली में 46 लाख 88 हजार रूपए की लागत से जल संसाधन विभाग के नवनिर्मित रेस्ट हाउस का लोकार्पण किया। साथ ही उन्होंने ग्राम दरबार मोखली और सेमरी एक करोड़ 21 लाख 75 हजार रूपए के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण भी किया।

समारोह को संबोधित करते हुए श्री बघेल ने कहा कि मुझे इस बात की गहरी खुशी है कि दरबार मोखली मेरा पड़ोसी गांव है, जहां स्वतंत्रता संग्राम में हमारे पूर्वज शामिल हुए। स्वर्गीय गैंदलाल बंछोर क्षेत्र के पहले वकील थे। गांधी जी से प्रेरणा लेकर वे स्वतंत्रता संग्राम में शामिल हुए। उन्होंने उस दौर में छतर सिंह को जो पत्र लिखे हैं उनके विवरण देखे तो पाएंगे कि कितना कठिन संघर्ष हमारे पूर्वजों ने आजादी की लड़ाई के दौरान किया।

# किसान आंदोलन में पीड़ित किसानों को मिलेगा 5-5 लाख का मुआवजा, छत्तीसगढ़ सरकार ने किया ऐलान

**रायपुर/धमतरी।** साल 2009 में हुए किसान आंदोलन के 14 साल बाद भूपेश सरकार ने बड़ा फैसला लिया है. इस हिंसक आंदोलन में पीड़ित 34 किसानों को 5-5 लाख का मुआवजा देने का ऐलान किया गया है. इन 34 किसानों में से 9 किसान अब इस दुनिया में नहीं हैं. उन किसानों के परिवार को मुआवजे की रकम दी जाएगी। सरकार के इस फैसले का किसानों ने स्वागत किया है. लेकिन साथ ही ये मांग भी रखी है कि उस समय जिन पुलिस वालों ने किसानों पर बर्बरता की थी उन पर भी कार्रवाई होनी चाहिए. इधर कांग्रेस पार्टी ने सरकार के इस फैसले को सरकार की किसानों के प्रति संवेदनशीलता बताया है. बता दें कि धान पर बोनस सहित कई मांगो को लेकर नवंबर 2009 में किसानों ने धमतरी के सिहावा चौक पर चक्काजाम किया था. लेकिन देखते ही देखते ये आंदोलन हिंसक हो गया. इसमें पुलिस और किसानों के बीच बवाल हुआ था. दोनों ओर लोग जख्मी हुए थे. आंदोलन में कई सरकारी और निजी वाहन जला दिए गए थे. आंदोलनकारियों के पथराव और हमले में पुलिस के कई अधिकारी और सिपाही घायल हुए थे।





# अविश्वास प्रस्ताव लाकर विपक्ष ने ऐसी बॉल फेंकी है जिस पर मोदी छक्का लगा देंगे

यह पूरे देश की जनता को मालूम है कि इस अविश्वास प्रस्ताव से मोदी सरकार को कोई खतरा नहीं है क्योंकि इसके पास अपने बूते पर सदन में जबर्दस्त बहुमत है और 538 की वर्तमान सदस्य संख्या वाली लोकसभा में भाजपा व इसके सहयोगी दलों के 332 सांसद हैं। विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) ने मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का निर्णय लेकर अपनी राजनीतिक अपरिपक्वता, नासमझी एवं विवेकहीनता का ही परिचय दिया है, यह प्रस्ताव स्वीकार भी हो गया।

अब प्रतीक्षा है उस पर बहस की। आइएनडीआइए भले ही अविश्वास प्रस्ताव को अपनी जीत समझ रहा हो और यह मानकर चल रहा हो कि उसे संसद में अपनी एकजुटता एवं ताकत दिखाने का अवसर मिलेगा, लेकिन एक तो इस प्रस्ताव का गिरना तय है, दूसरा विपक्षी एकता एवं शक्ति के दावे भी खोखले साबित होने है। जब प्रस्ताव का गिरना पहले से ही तय है तो क्यों विपक्ष अपनी किरकिरी कराने पर तुला है। विपक्षी दलों का मणिपुर पर प्रधानमंत्री के वक्तव्य की अपनी मांग पर अड़े रहना भी हास्यास्पद है।

सोचने वाली बात है कि विपक्ष यदि वास्तव में मणिपुर पर दुःखी होता तो चार दिन संसद का काम रोक कर न तो नारेबाजी और न हठधर्मिता में अपनी ऊर्जा खपा रहा होता और न ही गृह मंत्री को सुनने से इन्कार कर रहा होता। विपक्षी दलों की चिंता मात्र एक दिखावा ही अधिक प्रतीत हुई है। विपक्ष का चेहरा जनता के सामने बेनकाब हुआ है, जो कुछ बाकी रहा है प्रधानमंत्री अविश्वास प्रस्ताव पर अपने वक्तव्य में उसे उघाड़ देंगे, इस नए गठबंधन की कथित एकजुटता की पोल भी खोल ही देंगे और उसकी आपसी खींचतान को भी उजागर कर ही देंगे। विपक्षी गठन इंडिया के गठन के बाद वे कितने राजनीतिक रूप से शक्तिशाली हुए हैं और प्रधानमंत्री को चुनौती देने की स्थिति कितने सक्षम बने हैं, इन स्थितियों का भी पर्दाफाश होगा। बात जब तीर से निकली है तो दूर तक जायेगी, अविश्वास प्रस्ताव की बहस केवल मणिपुर तक सीमित नहीं रहने वाली, क्योंकि हालिया पंचायत चुनावों के दौरान बंगाल में जो भीषण हिंसा हुई, कोई भी उसकी अनदेखी नहीं कर सकता-मोदी सरकार तो बिल्कुल भी नहीं। यह




सही है कि अविश्वास प्रस्ताव लाकर विपक्ष ने अपने इस उद्देश्य को हासिल कर लिया कि मणिपुर के मामले में प्रधानमंत्री को सदन में बोलना ही पड़ेगा, लेकिन उसने उन्हें अपनी राजनीतिक हठधर्मिता को बेनकाब करने का अवसर भी दे दिया है। एक तरह से विपक्ष ने अपने पांव पर खुद कुल्हाड़ी चला दी है।

यह पूरे देश की जनता को मालूम है कि इस अविश्वास प्रस्ताव से मोदी सरकार को कोई खतरा नहीं है क्योंकि इसके पास अपने

> प्रधानमंत्री ने पहले ही मणिपुर के हालात पर क्षोभ व्यक्त करते हुए संसद भवन परिसर में कहा था कि यह घटना किसी भी सभ्य समाज को शर्मसार करने वाली है और इससे पूरे देश की बेइज्जती हुई है। बावजूद विपक्ष की जिद्द इसलिये भी बचकानी एवं बेहूदी कही जायेगी क्योंकि कोई भी मामला जिस मंत्रालय से संबंधित होता है, उसके ही मंत्री को उस पर वक्त व्य देना होता है।

बूते पर सदन में जबर्दस्त बहुमत है और 538 की वर्तमान सदस्य संख्या वाली लोकसभा में भाजपा व इसके सहयोगी दलों के 332 सांसद हैं जबकि इंडिया दलों के 142 व निरपेक्ष या संकट के समय मोदी सरकार का साथ देने वाले दलों के सदस्यों की संख्या 64 है। यह अविश्वास प्रस्ताव सांकेतिक है और इस बात का प्रयास है कि इसके माध्यम से विपक्षी गठबन्धन देश के लोगों के बीच अपने समर्थन में 'जन-अवधारणा' का निर्माण कर सके। लेकिन विपक्षी दलों का यह न्यूसेंस भरा ध्येय अधूरा ही रहने वाला है। अविश्वास प्रस्ताव संसदीय लोकतन्त्र में प्रायः सरकारों के खिलाफ जन अवधारणा सृजित करने के लिए ही लाये जाते हैं क्योंकि भारत के संसदीय इतिहास में अब तक 28 अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये, जिनमें केवल तीन बार ही सत्तारुढ़ सरकारें इनके माध्यम से सत्ता से बेदखल की गई हैं।

मोदी सरकार अपने इस कार्यकाल में पहली बार अविश्वास प्रस्ताव का सामना कर रही है, इसके पहले 2018 में भी मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था, तब भी विपक्ष को पराजय का सामना करना पड़ा था और उस समय ही मोदी ने भविष्यवाणी करते हुए कहा था कि 2023 में फिर से अविश्वास प्रस्ताव लाने का आपको मौका मिले।

मौका तो विपक्ष को मिल ही गया है, पिछली बार की तरह इस बार भी ऐसा ही सुनिश्चित सा दिख रहा है, कि प्रस्ताव औंधे मुंह गिरेगा। हालांकि लोकतंत्र के सर्वोच्च मंच संसद पर सत्ता पक्ष और विपक्ष की ऐसी रस्साकशी कोई नई बात नहीं है।

इसे स्वस्थ लोकतंत्र का लक्षण भी कहा जा सकता है। लेकिन इस तरह की कवायद एवं मंथन से जनता के हित में कुछ निकलना चाहिए, वह निकलता हुआ दिख नहीं रहा है।

मणिपुर में जिस तरह के दृश्य पिछले दिनों देखने को मिले, उसके मद्देनजर इस तरह की रस्साकशी की बजाय सार्थक बहस का माहौल बनाकर समस्या के समाधान का रास्ता निकला जाता तो वह आशा की किरण बनता। बेहतर तो यही होता कि विपक्ष और सरकार आपस में बातचीत से सहमति की कोई सूरत निकाल कर मणिपुर पर विस्तृत चर्चा कर लेते और इसके लिए अविश्वास प्रस्ताव की नौबत नहीं आती। अविश्वास प्रस्ताव से तीन बार ही सत्तारुढ़ सरकारें सत्ता से बेदखल की गई हैं। इनमें सभी सरकारें गठबंधनों की खिचड़ी सरकारें थीं और एक बार 1999 में तो अटल बिहारी वाजपेयी की साझा सरकार केवल एक वोट से ही गिर गई थी।

ललित गर्ग

## संपादकीय

### भाजपा क्यों नहीं खत्म कर पाती गतिरोध?


संसद में पहले भी गतिरोध होते थे लेकिन न तो इतने लंबे समय तक टकराव चलता था, न इतनी संख्या में सांसद निलंबित होते थे और न संसद भवन परिसर में इतना प्रदर्शन होता था। आखिर टकराव इतना क्यों बढ़ गया है और यह खत्म क्यों नहीं होता है? इसके पीछे अगर कोई राजनीति है तो वह बहुत डीप सीक्रेट है, जिसके बारे में किसी को अंदाजा नहीं है। लेकिन संसदीय राजनीति को लंबे समय तक देखने वाले सभी लोग इस बात को समझ रहे हैं कि सरकार की कोई वास्तविक मंशा टकराव खत्म कराने की नहीं है। आखिर संसद के सुचारू संचालन की जिम्मेदारी सरकार की होती है। अगर संसद सुचारू रूप से नहीं चल रही है तो इसका मतलब है कि सरकार की कोई अलग मंशा है। असल में पिछले कुछ समय में पक्ष और विपक्ष के सांसदों के बीच अनौपचारिक बातचीत लगभग पूरी तरह से बंद हो गई है। पहले अनौपचारिक बातचीत का चैनल हमेशा खुला होता था। पक्ष और विपक्ष के वरिष्ठ नेताओं के बीच अनौपचारिक बातचीत होती थी। सांसद सेंट्रल हॉल में एक दूसरे से सहज भाव से मिलते जुलते थे। अनौपचारिक चर्चाओं से कई गतिरोध दूर करने में आसानी होती थी। इसके अलावा संसदीय कार्य मंत्री ऐसे नेता को नियुक्त किया जाता था, जिसका विपक्षी पार्टियों के नेताओं से निजी तौर पर अच्छा संबंध हो। भाजपा की ओर से प्रमोद महाजन से लेकर वेंकैया नायडू और अनंत कुमार तक यह जिम्मेदारी निभा चुके हैं। ये सारे नेता लंबे समय तक दिल्ली की राजनीति करने वाले थे।

# आइंस्टीन के नैतिक विचारों की ताकत, विज्ञान के बाहर भी देखते थे दुनिया

*मैं ने इस हफ्ते की शुरुआत में क्रिस्टोफर नोलन द्वारा निर्देशित फिल्म ओपेनहाइमर देखी। फिल्म में मुख्य पात्र जे रॉबर्ट ओपेनहाइमर एक भौतिक विज्ञानी थे, जिनका परिवार यहूदी था, और जिन्होंने प्रिंस्टन में इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज में कई वर्षों तक काम किया। इन मामलों में वह अल्बर्ट आइंस्टीन के समान थे, जो खुद फिल्म के कई दृश्यों में दिखाई देते हैं। उनके बीच कुछ बौद्धिक असहमति जरूर थी।*

फिर भी ओपेनहाइमर आइंस्टीन का काफी सम्मान करते थे। दिसंबर, 1965 में पेरिस में यूनेस्को हाउस में बोलते हुए, ओपेनहाइमर ने टिप्पणी की थी कि, विज्ञान में अपने महान योगदान के अलावा, आइंस्टीन एक सद्भावनापूर्ण और मानवता से ओतप्रोत शख्सियत के तौर पर जाने जाते हैं, जो मुझे लगता है कि सही भी है। ओपेनहाइमर ने यह भी कहा था, अगर मुझे मानवीय समस्याओं के प्रति उनके (आइंस्टीन के) नजरिये को एक शब्द में कहना हो, तो मैं संस्कृत शब्द अहिंसा को चुनूंगा।

आइंस्टीन को सामान्यतया 20 वीं सदी के सबसे महान वैज्ञानिक के रूप में जाना जाता है। अपने काम और कॅरिअर में डूबे रहने वाले ज्यादातर मशहूर वैज्ञानिकों के ठीक उलट आइंस्टीन विज्ञान के बाहर की दुनिया में भी गहरी रुचि रखते थे। उन्हें शास्त्रीय संगीत



> अपने काम में जुनून की हद तक डूबे रहने वाले ज्यादातर मशहूर वैज्ञानिकों के ठीक उलट आइंस्टीन विज्ञान से बाहर की दुनिया में भी गहरी रुचि रखते थे। राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक मुद्दों पर उनका अपना नजरिया था। वह दोस्त बनाने में माहिर थे और उन्हें शास्त्रीय संगीत काफी पसंद था।

बहुत पसंद था। वह खुद एक कुशल वायलिन वादक थे। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय राजनीति पर उनकी गहरी नजर रहती थी। विभिन्न राष्ट्रों के बीच और उनके भीतर मानवीय संबंधों का संचालन कैसे किया जाना चाहिए, इस पर उनका नजरिया बेहद मजबूत और अमूमन सुविचारित होता था। बतौर वैज्ञानिक आइंस्टीन के बारे में कुछ भी लिख सकने में मैं खुद को वाकई असमर्थ पाता हूं। हालांकि यह लेख एक नैतिकतावादी के रूप में आइंस्टीन के बारे में है। जर्मन-अमेरिकी इतिहासकार फ्रिट्ज स्टर्न की एक पुस्तक है, आइंस्टीन स जर्मनी। वर्ष 1999 में प्रकाशित यह पुस्तक 20वीं सदी के जर्मनी और खासकर उस काल के इतिहास में यहूदियों के स्थान का व्यापक सर्वेक्षण करती है। मेरा यह लेख इसी पुस्तक पर आधारित है। पुस्तक का सबसे महत्वपूर्ण निबंध आइंस्टीन पर केंद्रित है। हालांकि किताब के दूसरे अध्यायों में भी उनका जिक्र आता है। पुस्तक आइंस्टीन के पत्रों व भाषणों जैसे प्राथमिक स्त्रोतों पर आधारित है। स्टर्न के विश्लेषण को प्रामाणिकता इस तथ्य से भी मिलती है कि आइंस्टीन उनके माता-पिता के घनिष्ठ मित्र थे। मैं फ्रिट्ज स्टर्न के विश्लेषण में से अल्बर्ट आइंस्टीन की प्रभावशाली टिप्पणियों का उल्लेख जरूर करना चाहूंगा। ये टिप्पणियां विज्ञान से नहीं, बल्कि उनके राजनीतिक और नैतिक जीवन से संबंधित हैं। मेरे द्वारा चुनी गई उनकी पहली टिप्पणी 1901 की है, जब आइंस्टीन ने उम्र के दूसरे दशक में पैर रखा ही था। वह कहते हैं, सत्ता में मूर्खतापूर्ण विश्वास सत्य का सबसे बड़ा दुश्मन है। कोई यह मान सकता है कि इस कथन में आइंस्टीन दरअसल वैज्ञानिक सत्ता की बात कर रहे हैं। लेकिन फिर भी बालिग युवाओं का अपने अभिभावकों की सत्ता पर मूर्खतापूर्ण विश्वास भी गलत हो सकता है। इसके अलावा, किसी भी उम्र या नागरिकता वाले पुरुषों व महिलाओं का किसी राजनीतिक सत्ता पर आंख मूंदकर भरोसा करना समझदारी हरगिज नहीं।

जर्मन साम्राज्य में जन्मे आइंस्टीन किशोरावस्था में स्विट्जरलैंड चले गए। उन्होंने अपने वैज्ञानिक कार्यों की शुरुआत ज्यूरिख में की।

रामचंद्र गुहा

## मिला जुला

### एक नजर

#### रूसी सेना पर हमले के लिए उत्तर कोरियाई रॉकेट का इस्तेमाल कर रहा यूक्रेन, बड़े खुलासे से हाहाकार



कीव। यूक्रेनी सेना रूसी सैनिकों पर हमले के लिए उत्तर कोरियाई रॉकेटों का इस्तेमाल कर रही है। यूक्रेन में उत्तर कोरियाई रॉकेटों की मौजूदगी की तस्वीरें आने से दुनिया में हलचल तेज हो गई है। उत्तर कोरिया के रूस के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं। हाल में ही रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगू ने कोरियाई युद्ध की समाप्ति की 70वीं वर्षगांठ मनाने के लिए उत्तर कोरिया की यात्रा की थी। इस दौरान उत्तर कोरियाई तानाशाह किम जोंग उन ने उन्हें अपनी सेना के हर एक हथियार दिखाए और उनके बारे में खुद जानकारी दी। इतना ही नहीं, उत्तर कोरिया ने रूसी रक्षा मंत्री की मौजूदगी में एक भव्य सैन्य परेड का भी आयोजन किया था। उत्तर कोरिया पर पहले भी रूस को हथियार सप्लाई करने के आरोप लग चुके हैं। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, यूक्रेनी सैनिकों को उत्तर कोरियाई रॉकेटों का उपयोग करते हुए देखा गया है।

### पेड़ लगाने और जल का संरक्षण करने की अपील की

# मन की बात: 15 अगस्त से शुरू होगा 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' के 103वें एपिसोड को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जुलाई का महीना मानसून और बारिश का महीना होता है, लेकिन बीते कुछ दिन प्राकृतिक आपदाओं के कारण चिंता और परेशानी से भरे रहे हैं।

#### 'बाढ़ और भूस्खलन से लोगों को उठानी पड़ी समस्या'

पीएम मोदी ने कहा कि यमुना समेत कई नदियों में बाढ़ से कई इलाकों में लोगों को तकलीफ उठानी पड़ी है। पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन की घटनाएं भी हुई हैं। इसी दौरान देश के पश्चिमी हिस्से में कुछ समय पूर्व गुजरात के इलाकों में बिरपरजॉय साइक्लोन भी आया, लेकिन इस आपदाओं के बीच हम सब देशवासियों ने फिर दिखाया है कि सामूहिक प्रयास की ताकत क्या होती है। स्थानीय लोगों ने, हमारे NDRF के जवानों ने, स्थानीय प्रशासन के लोगों ने, दिन-रात लगाकर ऐसी आपदाओं का मुकाबला किया है।

#### पीएम मोदी के संबोधन के प्रमुख अंश

- किसी भी आपदा से निपटने में हमारे सामर्थ्य और संसाधनों की भूमिका बड़ी होती है, लेकिन इसके साथ ही, हमारी संवेदनशीलता और एक दूसरे का हाथ थामने की भावना, उतनी ही अहम होती है। सर्वजन हिताय की यही भावना भारत की पहचान भी है और भारत की ताकत भी है।
- बारिश का समय 'वृक्षारोपण' और 'जल संरक्षण' के लिए भी जरूरी होता है। आजादी के 'अमृत महोत्सव' के दौरान बने 60 हजार से ज्यादा अमृत सरोवरों में भी रौनक बढ़ गई है।



- अभी 50 हजार से ज्यादा अमृत सरोवरों को बनाने का काम चल भी रहा है।
- हमारे देशवासी पूरी जागरूकता और जिम्मेदारी के साथ 'जल संरक्षण' के लिए नए-नए प्रयास कर रहे हैं।
- हम सभी को पेड़ लगाने और पानी बचाने के प्रयासों का हिस्सा बनना चाहिए।
- इस समय 'सावन' का पवित्र महीना चल रहा है। सदाशिव महादेव की साधना-आराधना के साथ ही 'सावन' हरियाली और खुशियों से जुड़ा होता है। इसीलिए 'सावन' का आध्यात्मिक के साथ ही सांस्कृतिक दृष्टिकोण से भी बहुत महत्व रहा है।
- सावन के झूले, सावन की मेहंदी, सावन के उत्सव- यानि 'सावन' का मतलब ही आनंद और उल्लास होता है।
- हमारी इस आस्था और इन परम्पराओं का एक पक्ष और भी है। हमारे ये पर्व और परम्पराएं हमें गतिशील बनाते हैं।
- सावन में शिव आराधना के लिए कितने ही भक्त कांवड़ यात्रा पर निकलते हैं। 'सावन' की वजह से इन दिनों 12 ज्योतिर्लिंगों में भी खूब श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।
- आपको ये जानकार भी अच्छा लगेगा कि बनारस पहुंचने वाले लोगों की संख्या भी रिकार्ड तोड़ रही है। अब काशी में हर साल 10 करोड़ से भी ज्यादा पर्यटक पहुंच रहे हैं।
- कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर एक अद्भुत क्रेज दिखा। अमेरिका ने हमें 100 से ज्यादा दुर्लभ और प्राचीन कलाकृतियाँ वापस लौटाई हैं। इस खबर के सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर इन कलाकृतियों को लेकर खूब चर्चा हुई। युवाओं में अपनी विरासत के प्रति गर्व का भाव दिखा।

### देश की राजधानी दिल्ली में शनिवार सुबह कई इलाकों में तेज वर्षा हुई

# आज भी छाए रहेंगे बादल, कई इलाकों में हल्की बारिश की संभावना

**नई दिल्ली।** राजधानी में शनिवार सुबह कई इलाकों में तेज वर्षा हुई। इसके बाद दिन में थोड़ी देर के लिए हल्की धूप भी निकली, लेकिन फिर बादलों में आकाश में डेरा जमा लिया। मौसम विभाग ने शनिवार के लिए येलो अलर्ट जारी कर मध्यम स्तर की वर्षा होने की संभावना जाहिर की थी लेकिन सुबह साढ़े आठ बजे के बाद खास वर्षा नहीं हुई। सिर्फ कुछ इलाकों में बहुत हल्की वर्षा हुई और पूरे



दिन मौसम सुहाना बना रहा। अधिकतम तापमान भी सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस कम रहा। इससे उमस भरी गर्मी से राहत रही।मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को आकाश में बादल छाए रहेंगे। कुछ इलाकों में बहुत हल्की वर्षा या बूंदाबांदी हो सकती है। इसके बाद दो दिन वर्षा होने की संभावना नहीं है।

#### मार्केट की तेजी पर नहीं लगेगा ब्रेक, अगले हफ्ते बाजार में ये स्टॉक बिखेरेंगे जलवा

28 जुलाई को खत्म हुए हफ्ते में बाजार ने वीकली आधार पर 4 हफ्तों की बढ़त गंवाई है। बीते हफ्ते सेंसेक्स 0.79 फीसदी गिरकर बंद हुआ जबकि निफ्टी में 0.50 फीसदी की गिरावट देखने को मिली। वहीं निफ्टी बैंक में 1.32 फीसदी की गिरावट देखने को मिली जबकि मिडकैप इंडेक्स 1.52 फीसदी की बढ़त लेकर बंद हुआ। ऐसे में आइए जानते है कि मार्केट एक्सपर्ट्स की अगले हफ्ते बाजार पर क्या राय है। बाजार में तेजी आगे भी जारी रह सकती है। मौजूदा स्तर से बाजार की गिरावट से निवेशकों को घबराने की जरुरत नहीं है। ज्यादा तेजी के बाद बाजार में थोड़ा कंसोलिडेट होता है।

#### तबाही के भंडार पर बैठा है नाइजर, तख्तापलट से क्यों डरी है दुनिया

**नई दिल्ली।** अफ्रीकी देश नाइजर में सेना ने तख्तापलट कर दिया है। सैनिकों ने नेशनल टीवी पर इस तख्तापलट का ऐलान कर दिया। सेना ने नाइजर के संविधान को भंग करने का ऐलान करते हुए सभी संस्थानों को निलंबित कर दिया। इस तख्तापलट के बाद देश की सभी सीमाओं को बंद कर दिया। हालांकि यह पहली बार नहीं है। साल 1960 में फ्रांस से आजादी मिलने के बाद यहां अब तक चार बार तख्तापलट हो चुका है। नाइजर से पहले उसके दो पड़ोसी देशों माली और बुर्किना फासो में पिछले सालों जिहादी विद्रोह के बाद तख्तापलट हुआ था और अब इस छोटे से देश में तख्तापलट ने दुनियाभर की चिंता बढ़ा दी है। खासकर अमेरिका और अफ्रीकी यूनियन संघ की परेशानी सबसे ज्यादा बढ़ गई है।

##### नाइजर में सैन्य तख्तापलट पर भड़का अमेरिका

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने नाइजर के राष्ट्रपति मोहम्मद बजौम की तत्काल रिहाई और देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था की बहाली की अपील की। दुनिया के गरीब देशों की लिस्ट में आने वाले इस देश में तख्तापलट ने अमेरिका समेत दुनियाभर की चिंता बढ़ा दी है।

#### दिल्ली के नांगलोई में मुहर्रम जुलूस के दौरान हंगामा, भीड़ ने पुलिस पर किया पथराव

**नई दिल्ली।** राजधानी के नांगलोई क्षेत्र में ताजिया निकलने के दौरान पथराव हो गया। शनिवार को ताजिया निकलने के दौरान भीड़ ने पुलिस पर पथराव किया। इस दौरान पुलिस की गाड़ियों को भी नुकसान पहुंचाया गया। किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए इलाके में भारी पुलिस फोर्स तैनात



कर दी गई है। खबर है कि जुलूस में शामिल कुछ लोगों ने पथराव की घटना को अंजाम दिया। पथराव की घटना में 10 पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस का कहना है कि इलाके में अभी शांति बनी हुई है।

**कैसे शुरू हुआ पथराव?**- घटना के बारे में दिल्ली पुलिस के डीसीपी (बाहरी दिल्ली) हरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि नांगलोई में ताजिये का जुलूस निकल रहा था।

#### बारिश के चलते हिमाचल में अब तक 187 की मौत

नई दिल्ली। तेलंगाना के भद्राचलम में गोदावरी नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। सड़कों पर पानी भर गया है। राज्य में सभी जिले हाई अलर्ट पर हैं। - तेलंगाना के भद्राचलम में गोदावरी नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। सड़कों पर पानी भर गया है। राज्य में सभी जिले हाई अलर्ट पर हैं।

### विनोद तावडे और ताकतवर, पंकजा मुंडे को भाव...

#### महाराष्ट्र में फडणवीस को किनारे लगाने की तैयारी में बीजेपी?

**मुंबई।** केंद्रीय नेतृत्व को महाराष्ट्र बीजेपी के दिग्गज नेता विनोद तावडे का काम रास आ रहा है। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उन्हें लगातार दूसरी बार महामंत्री की जिम्मेदारी दी है। राजनीतिक पंडितों का कहना है कि केंद्रीय टीम में दोबारा मौका मिलने से महाराष्ट्र की राजनीति में तावडे पहले से ज्यादा पावरफुल बन गए हैं। केंद्रीय नेतृत्व में तरुण चुग और सुनील बंसल के बाद विनोद तावडे



तीसरे सबसे पावरफुल चेहरा बन गए हैं।

##### सुनील देवधर आंध्र के प्रभारी

राष्ट्रीय सचिव पद पर रहे सुनील देवधर को पार्टी ने पद से हटा दिया है, लेकिन आंध्र प्रदेश का प्रभारी बनाए रखा है। वहीं, केंद्रीय महासचिव पद के साथ महाराष्ट्र प्रभारी पद से सी.टी. रवि की छुट्टी हो गई है। हालिया कर्नाटक विधानसभा चुनाव में वे चुनाव हार गए गए थे।

ऐतिहासिक सरोवर दलपत सागर स्वच्छता महाअभियान में सभी लोगों ने निभाई सहभागिता

# कलेक्टर सहित जनप्रतिनिधियों ने राज्य आपदा मोचन बल के जवानों के साथ ही आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक स्वच्छता अभियान में लिया हिस्सा

## दलपत सागर में डूबे नाव को निकालकर जलकुंभी की सफाई में किया गया उपयोग

जगदलपुर । बस्तर की ऐतिहासिक धरोहर दलपत सागर के संरक्षण की दिशा में चलाये जा रहे स्वच्छता महाअभियान में रविवार को जगदलपुर नगर के सभी लोगों ने सक्रिय भूमिका निभायी।



इस दौरान कलेक्टर श्री विजय दयाराम के., जिला पंचायत सीईओ श्री प्रकाश सर्वे, अपर कलेक्टर श्री हरेश मंडावी सहित जनप्रतिनिधियों, नगर पालिक निगम आयुक्त श्री केएस पैकरा और जिला प्रशासन के अधिकारियों-कर्मचारियों, राज्य आपदा मोचन बल के जवानों, समाजसेवी संगठनों,दलपत सागर बचाओ अभियान व इंद्रावती बचाओ अभियान से जुड़े सदस्य, युवोदय के स्वयंसेवक, लाइवलीहुड कॉलेज में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं, बेरोजगारी भत्ता योजनान्तर्गत लाभान्वित युवाओं के साथ ही बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक साफ-सफाई कार्य में भाग लेकर ऐतिहासिक सरोवर दलपत सागर स्वच्छता अभियान में महत्ती योगदान दिया। इस मौके पर सभी लोगों ने सुबह से ही दलपत सागर के रानी घाट के समीप एकत्रित होकर सरोवर से जलकुंभियों को निकालने के लिए लगातार हाथ बंटाया। रविवार को सभी ने अधिक समय तक ज्यादा जलकुंभियों को निकालने की बात कहते हुए आगामी रविवार को फिर से ज्यादा लक्ष्य रखने का संकल्प लिया।

### डूबे नाव को निकालकर जलकुंभी निकालने में किया उपयोग

दलपत सागर के स्वच्छता अभियान के दौरान बताया गया कि रानी घाट के पास एक नाव डूबी हुई है तो कलेक्टर श्री विजय ने उक्त नाव को निकालने के लिए राज्य आपदा मोचन बल के जवानों को कहा। इस पर इन जवानों और तैराकों ने सभी लोगों के साथ रस्सा के जरिये खूब जोर आजमाइश कर उक्त डूबे हुए नाव को निकाला और इस नाव का उपयोग जलकुंभियों की सफाई के लिए किया। इस नाव को अब सुरक्षित रखा गया है और इसका मरम्मत कर जलकुंभियों की सफाई तथा अन्य कार्य के लिए उपयोग किया जायेगा।

### दलपत सागर में छोड़ा गया 5 हजार ग्रासकार्प मछली बीज,ग्रासकार्प मछली हाइड्रिला एवं जलीय पौधों को बनाते हैं आहार

कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. की पहल पर सभी लोगों के द्वारा मिलकर दलपत सागर में करीब 5 हजार ग्रासकार्प मछली बीज छोड़ा गया। इस दौरान बताया गया है कि हाइड्रिला एवं अन्य



जलीय पौधे ग्रासकार्प मछलियों का पसंदीदा आहार है और ग्रासकार्प मछली हर रोज अपने वजन से पांच गुना चारा ग्रहण करती है। दलपत सागर में इसके पहले भी बड़ी संख्या में मछली बीज डाला गया है।


ज्ञातव्य है कि बस्तर की ऐतिहासिक सरोवर दलपत सागर के संरक्षण के लिए पूर्व में जलकुंभी को नष्ट करने हेतु प्रायोगिक तौर पर बैक्टीरियल ई-बॉल डाले गए हैं। बैक्टीरियल ई-बॉल कैल्शियम कार्बोनेट यथा चूना का गोला है, जिसमें मुख्य रूप से 14 प्रकार के बैक्टीरिया सम्मिलित हैं। इसमें मौजूद टी-64 और टी-14 जलकुंभी एवं हाइड्रिला के जड़ को खाता है, वहीं इसमें मौजूद अन्य बैक्टीरिया जल शुद्धिकरण का कार्य करते हैं। दलपत सागर में डाले गए बैक्टीरियल ई-बॉल के कारण जलकुंभियां और हाइड्रिला सूखकर पानी में तैरने लगते हैं, जिन्हें वीड हारवेस्टर के जरिये पानी से निकाला जा रहा है।

## एक नजर

### मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन

**जगदलपुर।** मतदाता जागरूकता रैली एवं दलपत सागर सफाई अभियान का आयोजन रविवार को किया गया। इस अवसर युवा मतदाताओं से निर्वाचिक नामावली में नाम जुड़वाने की अपील की गई। रैली दलपत सागर उद्यान से प्रारंभ हुई नगर भ्रमण पश्चात दलपत सागर सफाई कर सभा का आयोजन किया गया। सहभागी रहे कलेक्टर श्री विजय दयाराम के, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, अपर कलेक्टर, आयुक्त नगर निगम, एसडीएम, जिले के सभी अधिकार कर्मचारी, बेरोज़गारी भत्ता के पात्र हितग्राही, युवोदय एवं लाइवलीहुड कॉलेज के प्रशिक्षणार्थी, शिक्षक, प्राचार्य, कोआपरेटिव बैंक के कर्मचारी एवं नगर स्वच्छता प्रेमी उपस्थित थे।

### फौव्वारा चौक से ब्रिटिश कालीन नल की चोरी करने के पांच आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** बैरन बाजार स्थित फौव्वारा चौक में लगे ब्रिटिश कालीन नल की चुराने के पांच आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुरुमेंद्र कुल्हरिया उर्फ मुचरू, मनीष देवार उर्फ दोदरू, करण कुल्हरिया, लक्ष्मीनारायण पटेल, गोलू देवार को गिरफ्तार कर उनके पास से नल के टुकडे जब्त किए गए हैं। आरोपित कबाड़ में बेचने की तैयारी में थे। प्रार्थी सुधीर भट्ट ने थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह जोन क्रमांक 04 नगर निगम रायपुर में उप अभियंता के पद पर पदस्थ हैं। किसी अज्ञात आरोपित द्वारा 26 जुलाई की दरम्यानी रात्रि बैरन बाजार स्थित फौव्वारा चौक में लगा हुआ ब्रिटिश कालीन नल चोरी कर ले गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

### लूट की घटना को अंजाम देने के तीन आरोपी गिरफ्तार




**रायपुर।** लूट की घटना को अंजाम देने के तीन आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित रवि यादव, सौरभ कुमार सारथी और कुणाल साहू को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से लूट का मोबाइल और घटना में प्रयुक्त बाइक जब्त की गई है। प्रार्थी दिनानाथ सायतोड़े ने थाना मंदिर हसौद में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह ग्राम मधईपुर थाना खरोरा रायपुर में रहता है। मजदूरी का कार्य करता है। प्रार्थी 27 जुलाई को अपनी बहन और पिता के साथ पैदल मंदिर हसौद चौंक जा रहा था। तभी एचपी पेट्रोल डीपो के सामने बाइक में तीन व्यक्ति प्रार्थी के पीछे से आए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर प्रार्थी के हाथ में रखे मोबाइल फोन को लूट कर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियो की पतसाजी कर गिरफ्तार किया।

### महाराजा प्लाजा के पास खड़ी बाइक पार

**रायपुर** । लालपुर स्थित महाराजा प्लाजा के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी घनश्याम धीवर 36 वर्ष चौरसिया कालोनी मठपुरैना का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 डीयू 7578 को लालपुर स्थित महाराजा प्लाजा के पास खड़ी किया था। तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायित पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### युवक से मारपीट

**रायपुर** । रिंग रोड स्थित बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम के पास दो युवकों ने एक्टिवा सवार युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अविरल कुमार 20 वर्ष विकाश नगर देवपुरी का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी एक्टिवा से कहीं जा रहा था।

## रायपुर में अधिकारी की पत्नी ने किया सुसाइड

**रायपुर।** राजधानी से सनसनीखेज मामला सामने आया है. एक महिला ट्रेन के सामने छलांग लगाकर खुदकुशी कर ली. बताया जा रहा है कि आत्महत्या करने वाली महिला का पति महालेखाकार कार्यालय में एक अधिकारी है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच कर रही है. यह मामला पंडरी थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, पंडरी थाना क्षेत्र अंतर्गत मोवा ब्रिज से ट्रेन के सामने महिला ने छलांग लगाकर जान दे दी. आत्महत्या करने वाली महिला विधानसभा के महालेखाकार कार्यालय में अधिकारी दीपक मीणा की पत्नी शारदा मीणा है. बता दें कि मृतक का पति महालेखाकार कार्यालय सहायक लेखा अधिकारी के पद पर पदस्थ है. बताया जा रहा है कि महिला का पति किसी काम से मुंबई गया था. वहां से लौटते ही वह कार लेकर घूमने चला गया और रात को 1 बजे वापस लौटा. जिससे उसकी पत्नी गुस्सा हो गई थी. पति के देर रात घर आने की वजह से पत्नी ने घर का दरवाजा नहीं खोला. जिसके बाद पत्नी ने 3 बजे रात को पत्नी ने दरवाजा खोला और रविवार सुबह 5 बजे करीब रेल पटरी के नीचे आकर जान दे दी.फ़िलहाल इस पूरे ममले में पुलिस जांच कर रही है।



## हरियर अम्बागढ़ चौकी शहर के वार्ड नंबर 15 में रोपे गये पौधे

**अम्बागढ़ चौकी** । वृक्षारोपण महाअभियान और हरियर अम्बागढ़ चौकी की परिकल्पना को साकार बनाने नगरपंचायत पार्षद साधना सिंह वार्ड नंबर 15 में पौधारोपण कर रही है। अभी तक वार्ड के विभिन्ना जगहों पर हजारों पौधे रोपे जा चुके हैं। शनिवार को शहर के राजीव गाँधी चौक से लेकर पुरे 15 वार्ड परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम हुआ। जिसमें नगरपंचायत अध्यक्ष विधा ताम्रकार उपाध्यक्ष रितेश मेश्राम पार्षद साधना सिंह अशोक वर्मा व्यपारी संघ अध्यक्ष संजय लाटा समाज सेवी नंदू दाऊ इन सभी नें अशोक का पौधा लगाया। इस अवसर पर

पार्षद साधना सिंह ने कहा कि आज के इस औद्योगिक युग में पौधा लगाना आवश्यक है। बड़े-बड़े उद्योग स्थापना, कालोनी निर्माण व अन्य कारणों से पेड़ों की



कटाई हो रही है। जिस मात्रा में वृक्ष काटे जाते है उस मात्रा में पौधे लगा नहीं पा रहे हैं। जिससे आक्सीजन की कमी हो रही है। इसका परिणाम हमने कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर में देखा है। जिससे अधिकांश लोगों की जान चली गई। पूरा देश इस सदमे से उबर नहीं पाया है। इस बात को ध्यान में रखते हुए हम सबको पौधारोपण अभियान में जुडना है, ताकि भविष्य में आक्सीजन की कमी जैसी स्थिति दुबारा निर्मित न हो। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी पर्यावरण संरक्षण के लिए विश्व पर्यावरण दिवस पर मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना शुरू की है। इसके तहत किसानों को अपने खेत में पौधा लगाने व पंचायतों ने भी पौधारोपण करने पर तीन वर्षो तक दस हजार रूपये प्रति एकड की दर से प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। नगरपंचायत द्वारा भी शहर को हरा-भरा करने पौधारोपण महाअभियान के तहत हर दिन पौधा लगा रहा है।


छत्तीसगढ़ में तेजी से फैल रही कंजक्टिवाइटिस

## दस दिनों में 20 हजार से ज्यादा मरीज, पिंक आई के सैंपल सामान्य

रायपुर। छत्तीसगढ़ में पिंक आई के मामले लगातार बढ़ने की वजह से इसके वायरस के बदलाव की आशंका जताई जा रही थी।

वायरस की पहचान के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कुछ सैंपलों का कल्चर एंड सेंसिटिविटी की जांच कराई गई है। वायरस में किसी भी तरह का बदलाव नहीं हुआ है।

संचालक महामारी नियंत्रक डाक्टर सुभाष मिश्रा ने बताया कि सैंपल की कल्चर जांच मेडिकल कालेज रायपुर में कराया गया था। इसकी रिपोर्ट सामान्य



आई है। वायरस में किसी भी तरह का बदलाव नहीं हुआ है। ऐसे में जो-जो दवाएं सामान्य तौर पर कंजक्टिवाइटिस के लिए उपयोग की जा रही हैं, वही दवाएं उपयोग होंगी। बता दें प्रदेश में पिछले 10 दिनों में 20 हजार से पिंक आई के मरीज मिल चुके हैं। अस्पतालों में नेत्र रोग विभाग की ओपीडी में हर दिन 30 से 40 प्रतिशत तक पिंक आई के केस आ रहे हैं। खतरा इसलिए है कि यह कोरोना की तरह तेजी से फैलता है। कारण यही है कि एक मरीज को होने के बाद दूसरे व तीसरे को होने में समय नहीं लगता है। पिंक आई के अधिकांश केस पीड़ित के संपर्क में आने की वजह से हो रहे हैं।

## रोका छेका अभियान चलाकर पशुओं को रेडियम कॉलर लगाया गया



**फरसगांव।** रोका छेका अभियान अंतर्गत फरसगांव नगरीय क्षेत्र में राष्टीय राजमार्ग 30 एवं नगर के अलग अलग वार्डो से पशुओं को जब्त कर पासंगी गौठान पहुंचाया गया । पशुधन विकास विभाग एवं नगर पंचायत फरसगांव के संयुक्त तत्वाधान में कार्यवाही की गयी । जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी नगर पंचायत फरसगांव अशोक चौहान के नेतृत्व में नगर पंचायत के दल द्वारा पशुओं को नेशनल हाइवे 30 एवं नगर के वार्डो से 5 पशुओं को पासंगी गोठान पहुंचाया गया है नगरीय क्षेत्र में पशुपालकों को चेतावनी दी गई है की पशुओं को बाँध कर रखे खुले पाये जाने पर कार्यवाही की जायेगी । पशुचिकित्सालय फरसगांव से डॉ सुमन उएके, डॉ प्रियंका ठाकुर, डी पी साहू, लोकेश मानिकपुरी, चन्दन नायक के द्वारा घुमंत पशुओं को रेडियम कॉलर लगाया गया ।

### महिला सरपंच के बचे हुए मुआवजा को रोकने की मांग

**कोरबा ।** ग्राम पंचायत रलिया की सरपंच की कारगुजारी से ग्रामीण काफी परेशान है। दरअसल मुआवजा के चक्कर में महिला सरपंच उसी स्थान पर फिर से घर बनवा रही है जिसका उसने पूर्व में मुआवजा प्राप्त किया है । इस मामले की शिकायत के रलिया उपसरपंच ने क्षेत्रीय महाप्रबंधक सहित शासन प्रशासन के अधिकारियों से की है।

आपको बता दें कि कोयला खदान के विस्तार के लिए ग्राम रलिया का अधिग्रहण किया गया है । वर्तमान में मुआवजा व नौकरी वितरण का कार्य किया जा रहा है। लेकिन अधिक मुनाफा पाने के चक्कर में ग्राम रलिया की सरपंच एसईसीएल के अधिकारियों से सांठगांठ कर उसी स्थान को कोल कंपनी को फिर से बेचने के फिराक में लगी हुई है। उपसरपंच का आरोप है कि महिला सरपंच ग्रामीणों का भयादोहन भी करती है। भोले-भाले ग्रामीण कई मर्तबा महिला की दबंगई का शिकार भी हुए हैं। यही कारण है कि कोई सरपंच के खिलाफ कुछ भी बोलने से परहेज करता है।

## बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस से रोज जुड़ रहे हैं लोग

श्रेष्ठ बस्तर के निर्माण के लिए युवा युवाओं का विश्वास उनका हौसला भी बढ़ाता है और जिम्मेदारी भी- नवनीत चांद

जगदलपुर। मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक एवं जनता कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बस्तर बेटा के नाम से जाने जाने वाले युवा नेता श्री नवनीत चांद के नेतृत्व एवं कार्यशैली के साथ मोर्चा एवं पार्टी के सिद्धांतों से प्रभावित होकर बस्तर भर से बड़ी संख्या में युवा मुक्ति मोर्चा एवं पार्टी से जुड़ रहे हैं।






इस कड़ी में जगदलपुर विधानसभा के बूथो को मजबूत करने अनेकों ग्राम पंचायत के लोगों ने आज नवनीत चांद की उपस्थिति में मोर्चा एवं जनता कांग्रेश में प्रवेश किया है उन्होंने एक स्वर में कहा है बस्तर को श्रेष्ठ बनाना है और मिलकर आदरणीय नवनीत भैया के साथ काम करना है।

श्री नवनीत चांद ने इस अवसर पर कहा है कि मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस के नीति रीति से प्रभावित होकर स्वेच्छा से मिलजुल कर अपनी समस्याओं के साथ बस्तर के समस्याओं से लड़ने युवा अपने सामने आ रहे हैं अब बस्तर बदलाव की जरूरत है कांग्रेसी एवं भाजपा ने बस्तर को खूब ठगा है और लूटा है भ्रष्टाचार की नदियां बहा रही है अधिकारी मनमानी कर रहे हैं ऐसे में जनता का विश्वास उनका हौसला भी बढ़ाता है और जिम्मेदारी भी युवाओं के प्रवेश के अवसर पर अजय बघेल,ओम मरकाम,रामू नाग,पीतम नाग ,पाकालु कश्यप,रूप नारायण सेठिया एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे

‘चला रईगढ़िया, वोट देवईया’ सूत्र के साथ उर्दना पुलिस लाइन में लगा मतदाता जागरूकता कैंप

# मतदान हमारी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी, निभाना जरूरी-कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा







जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**कलेक्टर सिन्हा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार हुए शामिल**

**ईवीएम और वीवीपैट मशीन लगाकर बताया कैसे देना है वोट**

**पुलिस परिवार जनों ने ली मतदान की शपथ**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में जिले के विधान सभाओं में स्वीप गतिविधि के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को मतदान को लेकर जागरूक किया जा रहा है। जिसके तहत आज पुलिस लाईन उर्दना में मतदाता जागरूकता कैम्प का आयोजन किया गया। यहां ईवीएम मशीन का प्रदर्शन कर वोटिंग और मतदान से जुड़ी जानकारी दी गई। आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि हमारे पास विभिन्न प्रकार की जिम्मेदारी हैं, जिसे हम बखूबी निभाते हैं। ठीक उसी प्रकार निर्वाचन में मतदान करना भी हमारी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी हैं, जो हमें संविधान ने दिया हैं। इसलिए हम सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने 02 अगस्त से प्रारंभ होने वाले विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत नए मतदाताओं के नाम जुड़वाने, नाम सुधरवाने, स्थानांतरित कर्मचारियों के नाम कटवाने में बूथ लेवल अधिकारी का सहयोग करने को कहा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने सभी से आग्रह करते हुए कहा कि वोट डालना आपका संवैधानिक अधिकार हैं, वोट अवश्य करें। उन्होंने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि निर्वाचन में शत-प्रतिशत वोट करना हमारी जिम्मेदारी हैं। सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि निर्वाचन में पुलिस अधिकारी अपने ड्यूटी करते है, जो उनका कर्तव्य है। अत: उनका परिवार अपने मताधिकार का प्रयोग करें। यह संविधान के द्वारा दिए गए अपने प्रतिनिधि चुनने का अधिकार हैं, जिसमें हमें अपनी भागीदारी बढ़ाना हैं। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा, प्रशिक्षु आईपीएस उदित पुष्कर, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा, सीएसपी रायगढ़ अभिनव उपाध्याय, तहसीलदार रायगढ़ लोमश मिरी सहित पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और पुलिस परिवार जन उपस्थित रहे।

### ईवीएम एवं वीवीपीएटी लगाकर दिखाया कैसे डालना हैं वोट

आयोजित कार्यक्रम में ईवीएम एवं वीवीपीएटी का प्रदर्शन कर कार्यप्रणाली से मतदाताओं को अवगत कराया गया। जिसमें लोगों ने अपना वोट देकर ईवीएम एवं वीवीपीएटी के कार्यप्रणाली को बारीकी से समझा, कि ईवीएम से किस प्रकार वोट देना है, वीवीपैट मशीन से कैसे उसका मिलान करना है।

### मतदाताओं के सवालों के दिए जवाब

कार्यक्रम में लोगों ने अपने निर्वाचन से संबंधित नाम जुड़वाने, कटवाने, सुधार कैसे करे जैसे विभिन्न प्रकार के प्रश्न किए। कलेक्टर सिन्हा ने मतदान केंद्र के बीएलओ से परिचय करवाते हुए कहा कि आप अपने बूथ लेवल अधिकारी के माध्यम से अपना नाम मतदाता सूची में है या नही इसकी जानकारी के साथ भारत निर्वाचन आयोग के वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान मीना उरांव ने सर्वे में बीएलओ से जानकारी लेकर दूसरों को मतदान के लिए जागरूक करने की बात कही। इसी प्रकार गायत्री साहू ने कहा कि ईवीएम मशीन और वीवीपैट कैसे काम करता है, यह प्रत्यक्ष रूप से देखने को मिला। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के समय अपना मत जरूर डालने जायेंगे और आस-पड़ोस के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।

### मतदान की ली शपथ

*कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने लोगों को मतदान हेतु शपथ दिलाई। सभी ने शपथ लिया कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्य रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।*

## एक नजर

### गोरेगांव स्कूल में गणवेश व नोटबुक वितरण किया गया

**नगरी** । शासकीय माध्यमिक शाला गोरेगांव में आज वरिष्ठ नागरिक लोभान साहू के उपस्थिति में 2 जोड़ी गणवेश व 3-3 नग नोटबुक माध्यमिक शाला के छात्रों को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निशुल्क प्रदान किया गया/। उक्त अवसर पर कौशल प्रसाद साहू प्रधान पाठक , शिक्षक राकेश कुमार कोसरिया चंद्रप्रभा साहू गीतांजलि मेश्राम, ईश्वरी ऐल्मा, गंगा यादव, ऋषिकेश साहू, दिवाकर साहू, ज्योति नेताम आदि उपस्थित थे।

### गौरव ग्राम खिसोरा में लाखों रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन

**नगरी** । सेनानी गौरव ग्राम खिसोरा में लाखों रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। मुख्यमंत्री भेंट मुलाकात कार्यक्रम के समय प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा ग्राम खिसोरा में अनेक विकास कार्यों की घोषणा किए थे। कार्य के प्रारंभ होने से पहले विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लक्ष्मी ध्रुव विधायक सिहावा विधानसभा क्षेत्र एवं उपाध्यक्ष आदिवासी विकास प्राधिकरण रही। विधायक ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए मुख्यमंत्री संवेदनशील है और हमारा भी भरपूर प्रयास है कि क्षेत्र के विकास में कही कोई कमी नहीं आयेगी।

इस दौरान ज्योति दिवाकर ठाकुर अध्यक्ष जनपद पंचायत मगरलोड, लक्ष्मीकांता हेमंत साहू छाया विधायक कुरूद, राजेश साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत मगरलोड ,सुकांति कवर सभापति जिला पंचायत धमतरी ,कुसुमलता साहू जिला पंचायत सदस्य धमतरी, डीहू साहू अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मगरलोड, चंदन बाफ्ना पूर्व ब्लाक अध्यक्ष ,सर्वेश बाफ्ना सभापति जनपद पंचायत मगरलोड, गिरीश साहू सरपंच खिसोरा ,नारद साहू, रेखा साहू ,दानी पाल , उपसरपंच किसून निषाद, मोहन राम, तुलस साहू ,भूषण साहू ग्रामीण अध्यक्ष खिसोरा ,गजाधर साहू ,लोकनाथ साहू ,शत्रुघ्न साहू, घनश्याम साहू, राहुल साहू एवं समस्त पंच उपस्थित थे।

### भारतीय मजदूर संघ ने समस्याओं से अवगत कराया महाप्रबंधक को

**कोरबा** । दीपका विस्तार परियोजना क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं से भारतीय मजदूर संघ ने कई बार महाप्रबंधक को अवगत कराया । परंतु प्रबंधन हर बार आश्वासन का झुनझुना पकड़ाकर शांत हो जाता है। एक बार फिर भारतीय मजदूर संघ ने एसईसीएल दीपका क्षेत्र महाप्रबंधक को पत्र लिखकर दीपका गेवरा क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं से अवगत कराया ।

# मुख्यमंत्री बघेल बिलासपुर संभाग के युवाओं से करेंगे भेंट मुलाकात

बहतराई इंडोर स्टेडियम में 01 अगस्त को आने की संभावना

बिलासपुर । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 1 अगस्त को बिलासपुर संभाग के युवाओं से भेंट मुलाकात के लिए मुख्यालय बिलासपुर आने की प्रबल संभावना व्यक्त की गई है। इस कार्यक्रम का आयोजन बहतराई इंडोर स्टेडियम में होगा।



**कलेक्टर एसपी ने स्थल निरीक्षण कर लिया तैयारियों का जायजा**

मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए कलेक्टर सौरभ कुमार एवं एसपी संतोष कुमार ने आज बहतराई इंडोर स्टेडियम पहुंचे एवं मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को लेकर भेंट मुलाकात कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर ने तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ अजय अग्रवाल, नगर निगम के आयुक्त कुणाल दुदावत ,अतिरिक्त जिलाधीश आर ए रघुवंशी समेत जिला प्रशासन के तमाम आला अधिकारी बहतराई इंडोर स्टेडियम पहुंचे । संभावना है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल बिलासपुर संभाग के 8 जिलों के युवाओं के साथ भेंट मुलाकात के लिए 1 अगस्त को बिलासपुर आ सकते हैं । मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आज कलेक्टर सौरभ कुमार ने जिला प्रशासन के आला अफसरों की बैठक लेकर कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कार्यक्रम के लिए कानून व्यवस्था, बैठक व्यवस्था सहित आयोजन संबंधी तमाम इंतजामों को समय पर करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। युवाओं के साथ भेंट मुलाकात कार्यक्रम में मुंगेली, कोरबा,गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, जांजगीर-चांपा , सक्ति, रायगढ़, सारंगगढ़-बिलाईगढ़ जिले के युवाओं, महाविद्यालयीन छात्र छात्राओं, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे प्रतिभागियों सहित अन्य सभी युवा 1 अगस्त को बहतराई इंडोर स्टेडियम में मुख्यमंत्री से सीधी बातचीत करेंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल युवाओं से लगातार रूबरू हो रहे हैं। युवाओं से भेंट मुलाकात के इस कार्यक्रम में बघेल छत्तीसगढ़ के विकास के मुद्दे, युवाओं के लिए संचालित योजनाओं, उनकी उपलब्धियों और आकांक्षाओं पर बात करेंगे। इस कार्यक्रम में बिलासपुर संभाग के सभी 8 जिलों से युवा यहां हजारों की तादाद में पहुंचेंगे, जिसकी तैयारी जिला प्रशासन के द्वारा की जा रही है।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल सरकंडा में पुनः प्राचार्य बनने की चाह में पूर्णिमा मिश्रा ने शिक्षा के संस्थान की छवि को धुमिल करने का किया कुत्सित प्रयास

एनएसयूआई बिलासपुर ने जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

बिलासपुर । एनएसयूआई प्रदेश महासचिव लक्की मिश्रा व प्रदेश सचिव विवेक साहू के नेतृत्व में आज बिलासपुर जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सोपा गया है।



ज्ञात हो कि स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरकंडा बिलासपुर में पदस्थ व्याख्याता पूर्णिमा मिश्रा द्वारा प्राचार्य के विरुद्ध में विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा एवं पालकों के फ़र्ज़ी हस्ताक्षर से नगर विधायक शैलेश पांडेय एवं शिक्षा विभाग के उच्च कार्यालय को झूठा शिकायती पत्र प्रेषित किया गया है। मामला संज्ञान में आने पर शाला विकास प्रबंधक समिति एवं शिक्षकों की उपस्थिति में छात्र छात्राओं तथा पालकों से उपलब्ध शिकायत के संबंध में पूछताछ की गई जिसमें उन्होंने किसी भी तरह की शिकायत पत्र में हस्ताक्षर नहीं करने की बात की बच्चों ने पूर्णिमा मिश्रा द्वारा कोरे कागज़ में हस्ताक्षर करवाने की बात स्वीकार की है।

पूर्णिमा मिश्रा द्वारा प्रतिदिन लगातार विद्यालय गतिविधियों एवं दस्तावेज का वीडियो बनाया जा रहा है एवं छात्र छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ़ उकसा रही है। जिसके कारण पूरा विद्यालय परिवार और स्तंभ है उक्त कृत्यों से विद्यालय की छवि धूमिल हो रही है।

एनएसयूआई प्रदेश महासचिव लक्की मिश्रा ने बताया कि यह मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल की महत्वकांक्षी योजनाओं में से है, जिसका दुरपयोग पुनः प्राचार्य बन्ने की चाह में पूर्णिमा मिश्रा ने शिक्षा के संस्थान को धुमिल किया जा रहा व एनएसयूआई प्रदेश सचिव विवेक साहू ने बताया कि हम छात्र नेता है।

हम भी जबड़ापारा निवासी है जहां स्वामी आत्मानंद स्कूल मुक्तिधाम चौक सरकंडा में (पंडित रामदुलारे स्कूल, सरकंडा) है। अपने साज़िश में बच्चों को औजार की तरह इस्तेमाल करने वाली शिक्षिका के कारण वार्ड वासियों ने निराशा ज़ाहिर की है।

एनएसयूआई बिलासपुर द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी से जल्द से जल्द उचित कार्यवाही व एफआईआर की माँग की गई जिसमें ज़िला शिक्षा अधिकारी द्वारा जाँच के आदेश दिए गये है जिसमें दीप्तेश मुदलियार, यश अवस्थी, सन्नीं धर, रियांश गुप्ता उपस्थित रहे।

# शिक्षक से ग्रामीणों का विवाद होने से पीछले 12दिनों से स्कूल बंद

जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा मामले की जानकारी लेकर कार्यवाही की जाएगी

**मुंगेली।** शिक्षक से ग्रामीणों का विवाद होने के बाद ग्रामीणों पर पुलिसिया कार्यवाही नही होने पर पिछले 12 दिन से ग्राम केशरूवाडीह प्राथमिक शाला स्कूल को बंद कर शिक्षक आना बंद कर दिए है। जिसके कारण पिछले 12 दिनों से स्कूल में ताला लगे होने के कारण बच्चें स्कूल जाकर वापस लौट आ रहे है। मुंगेली विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत केशरूवाडीह में पिछले 12 दिनों से प्राथमिक शाला में एक मामूली विवाद को लेकर शिक्षकों ने स्कूल में ताला जड़कर स्कूल नही आ रहे है। सरपंच सविता साहू ने बताया कि ग्राम पंचायत केशरूवाडीह के प्राथमिक शाला के शिक्षक शाला समय में बच्चें जब स्कूल के बाहर भटकते है इस बात को लेकर स्कूल के पालक रिती साहू और दूजराम साहू दोनों शिक्षक सूरज कुर्रे के साथ दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ने पर पुलिस को सूचना दी गई जहां जरहागांव पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों युवकों को थाने ले गई और 151 के तहत कार्यवाही की। कार्यवाही होने के बावजूद शिक्षक स्कूल आना बंद कर दिया है। स्कूल बंद हो जाने से प्रतिदिन बच्चें तैयार होकर पालक बच्चों को स्कूल लाते है पर शिक्षक के न आने के कारण स्कूल पिछले 12 दिनों से बंद पड़ा है।



ग्रामीण पिल्लूराम साहू, रिती साहू, दुजराम साहू ने बताया कि स्कूल में शिक्षक समय पर नही आते है और समय से पहले चले जाते है। बच्चों को ठीक पढ़ाई भी नही हो रही है इसी बात को लेकर शिक्षकों से चर्चा की जा रही थी पर शिक्षक सूरज कुर्रे पालकों और ग्रामीणों के साथ विवाद किया जाता है और घटना दिनांक को भी शिक्षक सूरज कुर्रे के द्वारा विवाद किया गया और सूरज कुर्रे ने पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पुलिस ने रिती साहू और दुजराम साहू के ऊपर कार्यवाही की।

वहीं शिक्षक इस बात को लेकर अड़े है कि जब तक ग्रामीण पर पुलिस बड़ी कार्यवाही नही करती तब तक वे स्कूल नही जाऐंगे इसी बात को लेकर पिछले 12 दिनों से स्कूल में ताला लटका हुआ है और बच्चें परेशान हो रहे है। योजनाओं का लाभ नही मिल रहा हैट्ठ छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अधिक से अधिक बच्चें स्कूल पहुंचें इसके लिए सरकार के द्वारा प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है।

# प्राकृतिक आपदाओं से बचने के लिए प्रकृति से जुड़ना जरूरी

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।





विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पतोरा में ग्राम सुरक्षा समिती द्वारा आयोजित वृक्षारोपण एवं वार्षिक अधिवेशन में मुख्यअतिथि आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा हुए शामिल सर्वप्रथम स्वर्गीय जीयन बाई साहू एवं स्वर्गीय मोहन लाल साहू की पुण्य स्मृति में नव निर्मित सामुदायिक भवन में पहुंच वृक्षा रोपण किया गया। इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम पतोरा में हमारे गांव के सुरक्षा समिती के सदस्यों द्वारा वृक्षारोपण एवं वार्षिक अधिवेशन का कार्यक्रम रखा गया है। ग्राम पतोरा में लगभग 10 वर्षो से ग्राम सुरक्षा समिती का बढ़िया संचालन किया जा रहा है। गांव में आपसी समरसता सद्भावना के साथ समिति के सदस्यों द्वारा संचालित है। ग्राम समिति बनाने की मंशा हैए कि गांवों में सुरक्षा समितियों के होने से गांव में आपसी तालमेल, सद्भावना, बनी रहे, गांव में किसी भी प्रकार की अपराधिक घटनाएं न हो, गांव में अपराधों पर अंकुश लगे,गांव में होने वाली हर एक गतिविधियों की जानकारी ग्राम सुरक्षा समिती के माध्यम से पुलिस को मिलता है। साथ ही ग्राम सुरक्षा समिती द्वारा बढ़िया वृक्षां रोपण का भी कार्यक्रम रखा गया है। हम उन परम्पराओं को भी भूल चुके हैं जिसमें नदी और पेड़ पौधों को प्रणाम करना सिखाया जाता है। सही मायनों में पर्यावरण को बचाने के उपाय तो इन्हीं रीति रिवाजों में छिपे हुए हैं जिसके सन्देश को भी हम अब तक समझ पाने में कामयाब नहीं हो पाए हैं। वातावरण में बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रण में रखने और स्वच्छ वायु प्रदान करने के उद्देश्य से वृक्षारोपण आवश्यक है। जिन वृक्षों के नीचे बैठकर हमारे ऋषि मुनियों ने ज्ञान प्राप्त किया। पूर्व काल में जिन वृक्षों के नीचे बैठकर अनेक छात्र देश के राजा, राजनीतिज्ञ, विद्वान, कवि इत्यादि बने, जिन वृक्षों ने हमारे भोजन की व्यवस्था की, उन वृक्षों के महत्व का स्मरण कर प्रत्येक को वृक्षारोपण करना चाहिए,पेड़ों की जिस अंदाज में आज कटाई हो रही है और वनों की संख्या में गिरावट आ रही है उसने मनुष्य के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिह्न लगा दिया है। अगर पर्यावरण रहेगा तभी मनुष्य का अस्तित्व बचा रहेगा। इसे आज भी लोग नहीं समझ पा रहे हैं। जिस तेजी से आज के दौर में पेड़ काटे जा रहे हैं उसी अनुपात में लगाए नहीं जा रहे जो बड़ी चिंता का विषय बनी हुई है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन काल में न्यूनतम एक वृक्ष रोपित कर उसका संरक्षण करना चाहिए जिससे प्रकृति का संतुलन भी बना रहे। यह वर्तमान परिस्थितियों में पर्यावरण संरक्षण के लिए भी अत्यन्त आवश्यक है। पर्यावरण संरक्षण एवं सुरक्षा के लिए पौधे लगाना अति आवश्यक है, पेड़ पौधे न सिर्फ वातावरण को संतुलित करते है। वरन प्राकृतिक आपदाओं से भी सुरक्षा देते है। प्राकृतिक आपदाओं से बचने के लिए प्रकृति से जुड़ना है अनिवार्य,साथ ही ग्रामवासियों की मांग अनुरूप सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य की घोषणा इस अवसर पर अवनीश राघव पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा,मोकम साहू पूर्व सदस्य जनपद पंचायत बेरला,मोहित साहू सरपंच,राजेश चंदेल,राजू साहू, साहनी साहू,युवराज साहू अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति,अर्जुन साहू, आशाराम साहू, भगवती साहू उपसरपंच,संतोषी साहू, अमृतदास,गुणाीराम हिरवानी,गौकरण साहू,बलीराम साहू,गोविंद साहू,सत्रोहान साहू,संतोष साहू, कृष्णा साहू,हेमेंद्र साहू, यिलेश्वर साहू, गंगासागर साहू,चैतराम साहू, द्वारीका साहू,दौवाराम साहू,भीखम साहू, टेकलाल यादव,मोहन साहू,मौजीराम साहू,सीतलदास साहू, परदेशीराम साहू, परेटन साहू,वेदकुमार, नुनकरण साहू,विश्राम नेताम,विश्राम साहू,उत्तम साहू,चतुर साहू, संतु साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी रहे उपस्थित।

## क्लाइमैक्स ने बचाई गिरती-पड़ती फिल्म वन फ्राइडे नाइट की लाज




रवीना टंडन ने कई बेहतरीन फिल्में की हैं। वह ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी अपना जलवा बिखेर चुकी हैं। अब एक बार फिर रवीना ने ओटीटी पर दस्तक दी है।इस बार वह वन फ्राइडे नाइट नाम की एक फिल्म लेकर आई हैं, जिसने आज यानी 28 जुलाई को जियो सिनेमा पर दस्तक दी है।बिना किसी शोर-शराबे के आई इस फिल्म में रवीना को अभिनेता मिलिंद सोमन का साथ मिला है।

फिल्म एक बिजनेसमैन राम (मिलिंद) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो शादीशुदा है और अपनी से आधी उम्र की लड़की से इश्क लड़ा रहा है।फिल्म में डॉक्टर बनीं रवीना (लता) ने राम की पत्नी की भूमिका निभाई है, जिसे अपने पति (मिलिंद) के दूसरी महिला के साथ संबंधों की भनक तब लगती है, जब वह बरसात की एक रात हादसे का शिकार हो जाता है।



## रिवीलिंग डीपनेक आउटफिट में नेहा मलिका ने फ्लॉन्ट किया क्लीवेज, बोल्ड अदाएं देख फैंस के छूटे पसीने

**भोजपुरी एक्ट्रेस नेहा मलिक आए दिन अपनी बोल्ड और हॉट फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस को अपने हुस्न का दीदार करवाती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी ग्लैमरस तस्वीरें शेयर कर सोशल मीडिया का पारा गर्म कर दिया है। इन तस्वीरों में उनकी हॉटनेस देखकर फैंस का दिल मचल गया है।**

साथ ही फैंस उनके लुक को देखकर तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं। एक्ट्रेस नेहा मलिक हमेशा अपनी बोल्डनेस और स्टाइलिश फैशन सेंस से लोगों को अपना दीवाना बना देती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर कर लोगों को अपनी ओर अट्रेक्ट कर लिया है। इन तस्वीरों में उनकी सेक्सी अदाएं देखकर फैंस एक बार फिर से अपना दिल हार गए हैं। नेहा मलिक ने अपने इस फोटोशूट के दौरान फ्लोरल लुक में पर्पल और व्हाइट कलर का डीपनेक आउटफिट पहना हुआ है। एक्ट्रेस अपने इस लुक में बेहद ही खूबसूरत और हॉट दिखाई दे रही हैं। साथ ही उनके इस लुक को देखकर फैंस तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो अक्सर चर्चाओं में आ जाती हैं। हर बार की तरह इस बार फिर एक्ट्रेस नेहा मलिक अपनी इन फोटोज में और भी ज्यादा सिजलिंग हॉट लग रही हैं। नेहा मलिक अपनी इन फोटोज में एक से बढ़कर एक पोज देते किलर अंदाज में गॉर्डन में फोटोज क्लिक करवा रही हैं।

## गदर 2 का हिस्सा बनना सौभाग्य की बातः सिमरत कौर

**दक्षिण में बड़े पैमाने पर काम कर चुकी नवोदित अभिनेत्री सिमरत कौर गदर 2 से अपनी शुरुआत कर रही हैं, उनका कहना है कि वह उन सितारों के साथ खड़े होने के लिए भाग्यशाली महसूस करती हैं जिन्हें उन्होंने दूर से देखा है।**



सिमरत कौर मुंबई में गदर-2 के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर बातचीत कर रही थीं।

सिमरत कौर, जो गदर 2 में चरणजीत उर्फ जीते की प्रेमिका मुकसान की भूमिका निभाती नजर आएंगी। अपने डेब्यू के बारे में बात करते हुए सिमरत ने कहा, यह मेरी पहली फिल्म है, फिल्म भी है और स्टेज पर भी हूं। मैं यहां सबके साथ खड़ी हूं, मुझे लगता है कि मैं सबसे भाग्यशाली लड़की हूं, क्योंकि जिन लोगों को मैंने दूर से स्क्रीन पर देखा था, आज मैं उनके साथ इस मंच पर खड़ी हूं, सनी देओल और अमीषा पटेल, मैं बस हूं परमानंद. ऐसा करने के लिए ब्रह्मांड, धन्यवाद। अनिल शर्मा के साथ अपनी पहली फिल्म करते हुए, मुझे नहीं लगता कि इस समय मुझसे ज्यादा भाग्यशाली कोई लड़की है। मैं गदर -2 के साथ अपनी शुरुआत कर रही हूं, मैं बस ब्रह्मांड को धन्यवाद देती हूं, मैं अभी बहुत घबराई हुई हूं, मुझे नहीं लगता कि मैं अब और बात कर सकती हूं सिमरत ने कहा। अनिल शर्मा द्वारा निर्देशित और शक्तिमान तलवार द्वारा लिखित, गदर 2 2001 की फिल्म गदर: एक प्रेम कथा की अगली कड़ी है। फिल्म में सनी देओल, अमीषा पटेल और उत्कर्ष शर्मा हैं; सभी पहली फिल्म से अपनी भूमिकाएं दोहरा रहे हैं। यह फिल्म 11 अगस्त 2023 को रिलीज़ होने वाली है।

## करण जौहर की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में चला रणवीर-आलिया का जादू



करण जौहर के निर्देशन में बनी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी ने आज सिनेमाघरों में दस्तक दे दी है।इस फिल्म के जरिए करण ने बतौर निर्देशक 7 साल बाद वापसी की है तो आलिया भट्ट और रणवीर सिंह मुख्य भूमिका में नजर आए हैं। दोनों की जोड़ी इससे पहले गली ब्वॉय में साथ नजर आई थी और ऐसे में प्रशंसक उन्हें फिर से साथ देखने के लिए उत्सुक थे।

रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की 2 ऐसे लोगों की कहानी है, जो एक-दूसरे से बिल्कुल अलग हैं। एक ओर दिल्ली का पंजाबी लड़का रॉकी रंधावा (रणवीर) है, जो शहर के बड़े मिठाई कारोबार वाले परिवार से आता है तो दूसरी ओर न्यूज एंकर रानी चटर्जी (आलिया) बंगाली परिवार से ताल्लुक रखती है।दोनों अपने दादा (धर्मेंद्र) और दादी (शबाना आजमी) की अधूरी लव स्टोरी को मुकम्मल करने के लिए मिलते हैं, लेकिन एक-दूसरे पर दिल हार जाते हैं।

एक ओर रॉकी और रानी का प्यार परवान पर चढ़ रहा है तो उनका परिवार ही उनके लिए परेशानी बन जाता है।दोनों जानते हैं कि उनके परिवारों के बीच में कोई मेल नहीं है और इसलिए वे उन्हें समझने के लिए 3 महीने एक-दूसरे के घर जाकर रहने का फैसला लेते हैं।इन दौरान उनके रिश्ते में कई उतार-चढ़ाव आते हैं। अब उनकी मोहब्बत को मुकाम मिलेगा या नहीं, यह देखने के लिए आपको सिनेमाघरों का रुख करना होगा।

## मनोज बाजपेयी की साइलेंस के सीक्वल का ऐलान, फिल्म की शूटिंग शुरू

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता मनोज बाजपेयी की फिल्म साइलेंस के दूसरे पार्ट का इंतजार कर रहे दर्शकों का इंतजार आखिरकार अब खत्म होगा। एक्टर एक बार फिर एसीपी अविनाश की भूमिका में कदम रखने के लिए तैयार हैं।




निर्माताओं ने साइलेंस 2 का ऐलान कर दिया है। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। पहले पार्ट में, एसीपी अविनाश के किरदार में मनोज बाजपेयी एक हाई-प्रोफाइल महिला की रहस्यमय हत्या की जांच करते हैं। इस दौरान उनके सामने धोखे, झूठ और छिपी सच्चाइयों का पता चलता है। जैसे-जैसे फिल्म आगे बढ़ती है, सस्पेंस भी बढ़ता जाता है। फिल्म में मनोज बाजपेयी, प्राची देसाई और अर्जुन माथुर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसमें साहिल वैद, वकवेर, बरखा सिंह, शिरीष शर्मा, सोहिला कपूर, अमित ठक्कर और गरिमा याग्निक जैसे कलाकारग भी नजर आए। साइलेंस के दूसरे पार्ट को लेकर एक्टर मनोज वाजपेयी ने कहा, मैं दर्शकों के लिए साइलेंस का दूसरा पार्ट लाने के लिए रोमांचित और उत्साहित हूं।

## राजवीर देओल की दोनों का नया पोस्टर जारी, पालोमा ढिल्लों की भी दिखी झलक




जहां सनी देओल इन दिनों गदर 2 को लेकर जबरदस्त सुर्खियों में हैं, वहीं उनके बेटे राजवीर देओल भी अभिनय की दुनिया में कदम रखने के लिए तैयार है।पिछले कुछ दिनों से वह अपनी पहली फिल्म दोनों को लेकर चर्चा में हैं।इसमें उनकी जोड़ी पूनम ढिल्लों की बेटी पालोमा ढिल्लों के साथ बनी है।अब निर्माताओं ने दोनों का नया पोस्टर साझा कर दिया है, जिसमें राजवीर और पालोमा एक-दूसरे के प्यार में डूबे नजर आ रहे हैं।

राजवीर ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर दोनों का नया पोस्टर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, जब दुल्हन की दोस्त की दूल्हे के दोस्त से मुलाकात हो। यह फिल्म एक रोमांटिक ड्रामा होगी।दोनों जल्द सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिलहाल फिल्म की रिलीज तारीख सामने नहीं आई है।यह फिल्म इसलिए भी ज्यादा खास है क्योंकि दोनों के जरिए जाने-माने निर्देशक सूरज बड़जात्या के बेटे अवनीश एस बड़जात्या निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं।

गौरतलब है कि इन दोनों के माता-पिता भी पहले फिल्म में नायक-नायिका के तौर पर नजर आ चुके हैं। सनी देओल और पूनम ढिल्लों ने साल 1984 में आई लव स्टोरी फिल्म सोहनी महिवाल में लीड रोल प्ले किया था। अब दोनों के बच्चे एक साथ फिल्म करने जा रहे हैं। मेकर्स ने सोमवार को राजवीर देओल और पलोमा ठकेरिया की डेब्यू फिल्म दोनों का पोस्टर रिलीज कर दिया है। इस पोस्टर में राजवीर देओल और पलोमा ठकेरिया बीच पर बैठे और उनकी पीठ कैमरे की तरफ है।

# खेल



## ऐशेज टेस्ट के तीसरे दिन ब्रॉड ने रिटायरमेंट अनांउस किया,आखिरी मुकाबले में अंग्रेज 377 रन से आगे

**मुंबई।** इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच ऐशेज सीरीज का पांचवां टेस्ट लंदन के ओवल मैदान पर खेला जा रहा है। टेस्ट के तीसरे दिन स्टंप्स तक इंग्लैंड ने 9 विकेट खो कर 389 रन बना लिए, टीम ने ऑस्ट्रेलिया पर 377 रन की लीड बना ली है। जेम्स एंडरसन 8 और स्टुअर्ट ब्रॉड 2 रन बना कर नाबाद रहे। तीसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद स्टुअर्ट ब्रॉड ने संन्यास की घोषणा कर दी। 37 वर्षीय तेज गेंदबाज टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड के दूसरे टॉप विकेट टेकर हैं। यह उनका आखिरी इंटरनेशनल मैच रहेगा।

वह चौथे दिन के खेल में जेम्स एंडरसन के साथ बैटिंग शुरू करने के बाद आखिरी पारी में बॉलिंग भी शुरू कर सकते हैं।

तीसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद ड्रेसिंग रूम के रास्ते में फैंस और इंग्लैंड के प्लेयर्स ने ब्रॉड का तालियों से स्वागत किया। इस दौरान कप्तान बेन स्टोक्स ने भी ब्रॉड को बधाई दी।

तीसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद ड्रेसिंग रूम के रास्ते में फैंस और इंग्लैंड के प्लेयर्स ने ब्रॉड का तालियों से स्वागत किया। इस दौरान कप्तान बेन स्टोक्स ने भी ब्रॉड को बधाई दी।




रूट नर्वस 90 के शिकार बने

तीसरे दिन दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड टीम को पहला झटका 79 रन पर लगा। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने ओपनर बेन डकेट को एलेक्स कैरी के हाथों कैच कराकर पवेलियन की राह दिखाई। बेन डकेट 55 गेंदों पर 42 रन बनाकर आउट हुए। वहीं स्टोक्स तीसरे नंबर पर आए। उन्होंने 42 रन की पारी खेली।

हैरी ब्रूक 7 रन बना कर जोश हेजलवुड की बॉल पर आउट हुए। जो रूट नर्वस नाइंटीज का शिकार हुए और 91 रन बना कर पवेलियन लौटे। जॉनी बेयरस्टो ने 78 रन की शानदार पारी खेली और रूट के साथ 110 रन की पार्टनरशिप की। मोईन अली 29 रन, क्रिस वोक्स 1 रन और मार्क वुड 9 रन बना कर आउट हुए। जेम्स एंडरसन 8 और स्टुअर्ट ब्रॉड 2 रन बना कर नाबाद हैं और चौथे दिन खेल को आगे बढ़ाएंगे।

### स्टार्क-मर्फी की जोड़ी ने लिए 7 विकेट

ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरी पारी में मिचेल स्टार्क ने 4 विकेट झटके। स्पिनर टॉड मर्फी को 3 सफलताएं मिलीं। जोश हेजलवुड और पैट कमिंस को एक-एक विकेट मिला।

## एक नजर

### वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स 2023

## मनु भाकर ने जीते 2 गोल्ड, भारत 3 गोल्ड के साथ मेडल टैली में चौथे स्थान पर



**बीजिंग।** वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में भारतीय एथलीटों को शनिवार को चार मेडल मिले हैं। यूनिवर्सिटी गेम्स चीन के चेंगदू में हो रहा है। इवेंट के पहले दिन भारतीय एथलीटों ने 4 मेडल जीते। जिनमें तीन गोल्ड और एक ब्रॉन्ज मेडल शामिल है।

### तीनों गोल्ड शूटिंग में आए

भारत को तीनों गोल्ड शूटरों ने दिलाए हैं। यूथ ओलिंपिक गेम्स में भारत के लिए गोल्ड मेडल जीत चुकी मनु भाकर ने दो गोल्ड मेडल जीते। भाकर ने 10 मीटर एयर पिस्टल के इंडिविजुअल और टीम इवेंट में गोल्ड जीता। इसके अलावा 10 मीटर एयर राइफल में एलावेनिल वलारिवन भारत को तीसरा गोल्ड दिलाया।

### 239.7 अंकों के स्कोर के साथ विमेंस में मनु ने जीता गोल्ड

मनु भाकर ने विमेंस की 10 मीटर एयर पिस्टल में 239.7 पॉइंट के साथ गोल्ड जीता। जबकि हंगरी की सारा फैबिन ने सिल्वर जीता। वहीं चीनी ताइपे की यू जू चेन ने ब्रॉन्ज मेडल जीता।

### 10 मीटर एयर पिस्टल में विमेंस टीम ने जीता गोल्ड

10 मीटर एयर पिस्टल में विमेंस टीम ने गोल्ड मेडल जीता। इस टीम में मनुभाकर के अलावा यशस्विनी देसवाल और अभिदन्या पाटिल पाटिल शामिल थीं। वहीं महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में एलावेनिल वलारिवान ने भारत की झोली में गोल्ड डाला। जबकि यूएसए की मैरी टकर सिल्वर और चीन के हैंग झिंग ने ब्रॉन्ज मेडल जीता।

## पानीपत पुलिस ने कनाडा में मचाई धूम

### वर्ल्ड पुलिस और फायर गेम्स में हेड कॉन्सटेबल संतोष शर्मा ने सिल्वर जीत; पिछले साल मिला था गोल्ड

**पानीपत।** हरियाणा के पानीपत जिले की हेड कांस्टेबल संतोष शर्मा ने कनाडा में हुई वर्ल्ड पुलिस एवं फायर गेम्स में जिले का ही नहीं, बल्कि प्रदेश और देश का नाम एक बार फिर रोशन किया है। संतोष ने कुश्ती प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले में प्रतिद्वंदी को पूरी टक्कर दी, लेकिन आखिरी क्षण में वह कुछ प्वाइंट से हार गई। संतोष शर्मा को सिल्वर पदक से संतोष करना पड़ा, लेकिन इतने कड़े मुकाबले में सिल्वर मेडल जीता, इससे संतोष ही नहीं, बल्कि पानीपत और हरियाणा पुलिस में खुशी का माहौल है। हालांकि संतोष ने इसी प्रतियोगिता में पिछले साल नीदरलैंड में गोल्ड मेडल जीता था।



**2002 में जब खेल शुरू किया, तब ग्रामीणों ने किया विरोध**

- 2003 में स्पोर्ट्स कोटे से हरियाणा पुलिस में हुई भर्ती
- 2005 में बलाना गांव निवासी अनिल गौतम से हुई शादी
- 45 से ज्यादा पदक जीत चुकी, अभी भी खेल रही
- दो बेटियों की मां है, पति करते हैं स्पोर्ट

### वर्ल्ड स्विमिंग चैंपियनशिप

## ऑस्ट्रेलिया के स्विमर्स ने रीले में तोड़ा वर्ल्ड रिकॉर्ड, केटी लेडेकी ने माइकल फेल्प्स से ज्यादा ओवरऑल चैंपियनशिप गोल्ड जीते

**फुकुओका।** जापान के फुकुओका में वर्ल्ड एक्वेटिक चैंपियनशिप खेली जा रही है। ऑस्ट्रेलिया की मिक्स्ड 400 मीटर फ्रीस्टाइल रिले टीम ने शनिवार को तैराकी की वर्ल्ड चैंपियनशिप में वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ दिया। टीम ने 3 मिनट, 18.83 सेकेंड का समय लेकर अमेरिका (3ः20.82) और ब्रिटेन (3ः21.68) को पीछे छोड़ते हुए गोल्ड मेडल जीता।

दूसरी ओर अमेरिकी तैराक केटी लेडेकी वर्ल्ड चैंपियनशिप में सबसे ज्यादा इंडिविजुअल गोल्ड मेडल (16) जीतने का रिकॉर्ड बनाकर एक बार फिर इतिहास की किताबों में शामिल हो गईं। उन्होंने हमवतन माइकल फेल्प्स (15) के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।

### ऑस्ट्रेलिया ने अपना ही




### रिकॉर्ड तोड़ा

जैक कार्टराईट, काइल चाल्मर्स, शायना जैक और मोली ओकैलाघन की ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 3ः19.38 के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ा, जो पिछले साल बुडापेस्ट में विश्व चैंपियनशिप में ऑस्ट्रेलियाई टीम द्वारा ही बनाया गया था।

यह इस सप्ताह जापान में किसी ऑस्ट्रेलियाई रिले टीम द्वारा बनाया गया तीसरा विश्व रिकॉर्ड था। ओकैलाघन तीनों टीमों के हिस्सा थे और उन्होंने महिलाओं की 200 मीटर फ्रीस्टाइल में इंडीविजुअल विश्व रिकॉर्ड भी बनाया। अमेरिका की केटी लेडेकी ने वर्ल्ड चैंपियनशिप में 800 मीटर फ्रीस्टाइल फाइनल में गोल्ड मेडल जीतने के बाद यह उपलब्धि हासिल की। विमेंस 800 मीटर फ्रीस्टाइल में छह गोल्ड मेडल के साथ, अब उनके पास एक ही टूर्नामेंट में किसी स्विमर द्वारा सबसे ज्यादा वर्ल्ड चैम्पियनशिप गोल्ड मेडल हैं।

### अफगानी प्लेयर सेदिकुल्लाह ने एक ओवर में 7 छक्के लगाए

## 9वें ओवर में 48 रन बने, गायकवाड भी लगा चुके हैं 7 सिक्स

अफगानिस्तान के सेदिकुल्लाह अटल ने काबुल प्रीमियर लीग 2023 के 10वें मैच में एक ओवर में सात छक्के लगाए। टूर्नामेंट का 10वां मुकाबला शाहीन हंटर्स और अबासिन डिफेंडर्स के बीच 29 जुलाई (शनिवार) को काबुल के अयोबी क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया।

### अटल ने 56 गेंदों पर नाबाद 118 रन बनाए

अबासिन डिफेंडर्स ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला किया था। इस मुकाबले में शाहीन हंटर्स के कप्तान सेदिकुल्लाह अटल 56 गेंदों पर सात चौकों और 10 छक्कों की मदद से 118 रन बनाकर नाबाद रहे। अटल ने शाहीन हंटर्स की पारी के 19वें ओवर में आमिर जजई की गेंदों पर कुल सात छक्के लगाए। उस 19वें ओवर में कुल 48 रन आए।



शाहीन हंटर्स 20 ओवर में छह विकेट पर 213 रन बनाए। जवाब में अबासिन डिफेंडर्स 18.3 ओवर में 121 रन पर ऑल आउट हो गई। हंटर्स को 92 रन से जीत मिली।

### एक ओवर में जमाए 7 छक्के

ओवर की पहली गेंद नो बॉल रही जिस पर अटल ने छक्का जमाया। इसके बाद अगली गेंद वाईड रही। अगली छह गेंदों पर जजई ने लगातार छह छक्के लगाए।

### शिकायत के बाद कलेक्टर सूरजपुर ने लिया संज्ञान

# तहसीलदार ने कब्जा हटाने पांचवीं बार जारी किया आदेश क्या आज हटेगा कब्जा ?

**क्या आज तहसीलदार अपने आदेश का पालन करा पाएंगे या फिर लौटेंगे बेरंग?**

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।



सड़क मत की भूमि पर दबंगों ने कब्जा कर निस्तार को रोक दिया था जिसके बाद से वह लगातार शासन प्रशासन के सामने गुहार लगा रहा था पर दबंगों के सामने उसकी एक नहीं चल रही थी जिसके बाद पीड़ित ने उच्च स्तरीय शिकायत के साथ-साथ अपनी बात मीडिया के सामने भी रखी तब जाकर कलेक्टर सूरजपुर ने इस बात पर संज्ञान लिया जिसके बाद भैयाथान तहसीलदार ने पांचवी बार अतिक्रमण हटाने का आदेश जारी किया अब सवाल यह उठता है क्या तहसीलदार अपने आदेश का पालन करवा पाएंगे या फि र 4 बार की तरह पांचवी बार भी खाली हाथ वापस आएंगे? यदि इस बार तहसीलदार अतिक्रमण हटवा लिया तब तो यह माना जाएगा कि तहसीलदार की भूमिका इस मामले में संदिग्ध नहीं थी पर यदि इस बार भी हटा नहीं पाए तो यह मान लिया जाएगा कि दबंगों के साथ तहसीलदार भी मिले हुए हैं क्योंकि कई बार वह जेसीबी लेकर गए पर अतिक्रमण हटा नहीं पाए। पीड़ित विजेन्द्र कुशवाहा ने राजस्व सचिव छग शासन, नवा रायपुर को शिकायत करते हुए आरोप लगया है की एसडीएम भैयाथान एवं तहसीलदार भैयाथान द्वारा अनावेदकगण से साठ-गांठ कर शासकीय सड़क मद की भूमि पर मकान बनवा दिया गया एवं कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। आवेदक का कहना है की मेरे स्वामित्व व आधिपत्य की पैतृक भूमि ग्राम भैयाथान हर्रापारा में ख.नं. 619/1 रकबा 0.03 हे. भूमि स्थित है उक्त भूमि से लगी हुई शासकीय सड़क मद की भूमि ख.नं. 847, 425 रकबा 0.25 है. भूमि लगी हुई है। उक्त शासकीय सड़क मद की भूमि से आवेदक एवं अन्य ग्रामवासी का निस्तार होता रहा है किन्तु कुछ वर्षों से अनावेदकगण जबरन कब्जा कर मकान निर्माण कियाए मकान निर्माण करने के समय आवेदक तहसील भैयाथान के समक्ष अनावेदकगण शासकीय मद की भूमि पर आहता निर्माण करने व निस्तारी बंद करने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया था जिसका कार्यवाही विलम्ब से करने के कारण मकान निर्माण का कार्य पूर्ण हो गया, जिसके बाद तहसीलदार द्वारा हल्का पटवारी से मौका जांच कराया मौका जांच के दौरान हल्का पटवारी ने स्पष्ट रूप से बताया कि अनावेदकगण द्वारा शासकीय सड़क मद की भूमि पर मकान निर्माण का कार्य किया है और निस्तारी बंद कर दिया है जिसके बाद भी तहसीलदार भैयाथान द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं किया गया। तहसीलदार भैयाथान द्वारा हल्का पटवारी के प्रतिवेदन के आधार पर स्थगन आदेश खरिज कर दिया जाता है, जबकी अनावेदकगण स्थागन आदेश के बवजूद भी निर्माण कार्य करते रहते है। जैसे-जैसे अनावेदकगण निर्माण कार्य करते जा रहे थे वैसे-वैसे आवेदक तहसीलदार एवं थाना प्रभारी को आवेदन पत्र देकर जानकारी से अवगत कराते आए हैं कि अनावेदकगण आपके स्थगन आदेश के बाद निर्माण कार्य जारी रखते है और स्थगन आदेश का बार-बार अवहेलना किया है जिसकी जानकारी के पश्चात भी तहसीलदार एवं थाना प्रभारी द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं किया गया है जबकी हल्का पटवारी द्वारा कई बार भूमि के संबंध में जांच प्रतिवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है उक्त प्रतिवेदन में शासकीय सड़क मद की भूमि के संबंध में निर्माण किया जाना उल्लेख किया है वर्तमान समय में भी निर्माण के संबंध में हल्का पटवारी ने बेजा कब्जा के संबंध में अपना प्रतिवेदन न्यायालय में प्रस्तुत किया है जिसके बाद भी तहसीलदार द्वारा कोई कार्यवही नहीं किया गया है। शासकीय सड़क मद की भूमि है, जिस पर ग्राम वासियों एवं मवेशियों का निस्तार होता है। जिसकी जानकारी तहसीलदार एवं एसडीएम भैयाथान को है किन्तु उसके बाद भी कोई कार्यवाकी नहीं किया गया है।

पीड़ित ने शासकीय सड़क मद के भूमि को जबरन किये गये कब्जा से बेदखली की कार्यवही कराने की मांगा करते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

### 4 साल से न्याय की गुहार पर न्याय कब?

*पीड़ित विजेंद्र कुशवाहा 4 साल से न्याय की गुहार एसडीएम व तहसील कार्यालय में लगा रहा जब दबंगों ने शासकीय मत की भूमि पर कब्जा कर रहे थे तो बार-बर जाकर तहसील कार्यालय में शिकायत दर्ज कराता था लेकिन तहसीलदार ने कोई कार्यवाही नहीं किया। जब मकान बना लिया तो स्थगन आदेश लगाकर तहसीलदार तिथि बढ़ाते गए आज 4 साल बीत गए तहसीलदार खुद अतिक्रमण हटाने आदेश बार बार जारी करते हैं, मौके पर पहुंचते हैं लेकिन बिना कब्जा हटाए वापस आ जाते हैं और एक ही बात कहते हैं पुलिस बल नहीं पहुंचा इसलिए हम कार्रवाई नहीं कर पाए।*

## एक नजर

### मतदान केंद्र वाले सभी पंचायतों में 2 अगस्त को होगी विशेष ग्रामसभा

* कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने जारी किया आदेश

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार वर्तमान में फ ोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता 1 अक्टूबर 2023 कार्यक्रम के मद्देनजर 2 अगस्त 2023 को फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाना है। इसलिए जिले के सभी ग्राम पंचायतों जहां मतदान केंद्र हो में मतदाता सूची का वाचन/पाठन किए जाने हेतु विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। सभी ग्राम पंचायतों के लिए इस आशय के आदेश कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने जारी की है।

### जिला एवं सत्र न्यायालय दंतेवाड़ा में भर्ती हेतु 10 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।

जिला एवं सत्र न्यायालय दंतेवाड़ा में स्टेनोग्राफर हिंदी, स्टेनो टाइपिस्ट, सहायक ग्रेड 3 के समकक्ष पद सेल, प्रतिलिपिकार, लिपिक, अमीन, आदेशिका लेखक, टायपिस्ट, साक्ष्य लेखक, सहायक अभिलेखपाल, सांख्यिकी लिपिक, और आकस्मिकता निधि के कर्मचारी स्वीपर, चौकीदार, वाटरमेन, की भर्ती हेतु कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायालय दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा पिन 494449 के पते पर रजिस्टर्ड पोस्ट और स्पीड पोस्ट से अंतिम तिथि 10 अगस्त 2023 की शाम 5 बजे तक आवेदन आमंत्रित हैं। कार्यालय में अन्य किसी माध्यम से प्रेषित और व्यक्तिगत रूप से आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। विज्ञापन की विस्तृत जानकारी के लिए जिला न्यायालय के वेबसाईट डिस्क्रिट्स डॉट ईकोर्ट्स डॉट जीओवी डॉट इन/दंतेवाड़ा से अवलोकन किया जा सकता है।

### परिवार न्यायालय दंतेवाड़ा में भर्ती हेतु 11 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

परिवार न्यायालय दंतेवाड़ा में स्टेनोग्राफर हिंदी, सहायक ग्रेड 3 के समकक्ष पद सेल, अमीन, आदेशिका लेखक, टायपिस्ट, साक्ष्य लेखक,वाहन चालक भृत्य फराश और आकस्मिकता निधि के कर्मचारी माली, स्वीपर, चौकीदार, वाटरमेन, की भर्ती हेतु कार्यालय न्यायाधीश, परिवार न्यायालय दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा पिन 494449 के पते पर रजिस्टर्ड पोस्ट और स्पीड पोस्ट से अंतिम तिथि 11 अगस्त 2023 की शाम 5 बजे तक आवेदन आमंत्रित हैं। कार्यालय में अन्य किसी माध्यम और व्यक्तिगत रूप से आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। विज्ञापन की विस्तृत जानकारी के लिए जिला न्यायालय के वेबसाईट डिस्क्रिट्स डॉट ईकोर्ट्स डॉट जीओवी डॉट इन दंतेवाड़ा से अवलोकन किया जा सकता है।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सूरजपुर में संविदा भर्ती हेतु 7 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सूरजपुर में कार्यालय सहायक/क्लर्क, रिसेप्शनिष्ट सह डाटा एंट्री ऑपरेटर टायपिस्ट और कार्यालय भृत्य मुंशी अटेन्डेट की संविदा भर्ती हेतु 7 अगस्त 2023 की शाम 5 बजे तक कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सूरजपुर में रखे ड्राप बॉक्स में आवेदन जमा कर सकते हैं। अन्य किसी भी माध्यम से आवेदन पत्र स्वीकार्य नहीं किया जाएगा। विज्ञापन की विस्तृत जानकारी के लिए जिला न्यायालय के वेबसाईट डिस्क्रिट्स डॉट ईकोर्ट्स डॉट जीओवी डॉट इन/सूरजपुर से अवलोकन किया जा सकता है।

### सारंगढ़ क्षेत्र के आंगनबाड़ी भर्ती के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 1 अगस्त

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

महिला एवं बाल विकास विभाग के सारंगढ़ परियोजना में विभिन्न कारणों से कार्यकर्ता, सहायिकाओं, मिनी कार्यकर्ता के पद रिक्त हुए हैं। जिनके नियुक्ति के लिए भर्ती प्रक्रिया अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सारंगढ़ के वार्ड.9/3 सहित ग्राम बोईरडीह और बासीनबहरा में तथा आंगनबाड़ी सहायिका सारंगढ़ के वार्ड 3, वार्ड 9,3 सहित ग्राम टिमरलगा और नौरंगपुर में नियुक्त किया जाना है। इस हेतु इच्छुक अभ्यर्थी 01 अगस्त 2023 तक कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना, गायत्री मंदिर के पीछे सारंगढ़ में कार्यालयीन दिवस और समय पर आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मिनी कार्यकर्ता पद हेतु बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण एवं सहायिका पद हेतु आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इस भर्ती में विधवा, परित्यकता, तलाकशुदा महिलाओं को 15 अंक अतिरिक्त दिया जाएगा।

# सभी मतदाताओं को है वोटिंग करने की उत्सुकता

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

जिले के बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत करियाटार के चौक चौराहों, गली मोहल्लों में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत निर्वाचन कर्मियों के द्वारा ईवीएम और वीवीपैट का प्रदर्शन किया गया। ग्रामीणों ने कौतूहल, उत्साह और खुशी से मतदान करके परीक्षण किया। इसी प्रकार बिलाईगढ़ एसडीएम डॉ स्निग्धा तिवारी और तहसीलदारों ने वोटिंग करके मतदान का परीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि आगामी विधानसभा चुनाव के पूर्व राज्य भर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।



# चुनाव में छत्तीसगढ़िया विरोधी लोगों को सबक सिखाएंगे-छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना

जोहार छत्तीसगढ़-बिलासपुर।



छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना का संगठन विस्तार जोरों पर है इसी कड़ी में संगठन का सदस्यता अभियान शहर के चुचुहियापारा में हुआ। कार्यक्रम में छत्तीसगढीए छत्तीसगढ़िया वाद पर गंभीर चिंतन हुआ और सभी ने एक स्वर में कहां की इस चुनाव में छत्तीसगढ़िया समाज द्वारा उसी पार्टी को वोट दिया जो छत्तीसगढ़िया को 100: रोजगार देने, छत्तीसगढ़ी भाषा को पढ़ाई लिखाई की भाषा एवं आठवीं अनुसूची में जोड़ने की बात अपने घोषणा पत्र में शामिल करेंगे। जिला महामंत्री परस राम यादव ने बताया कि क्रांति सेना का प्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ-साथ बिलासपुर जिले में भी संगठन विस्तार बहुत तेज गति से चल रहा है और और हमारे संगठन के उद्देश्य को जानकर के सैकड़ों लोग जुड़ रहे है। लोग बैठक में मांग करते है की यदि सरकार छत्तीसगढ़ियावाद पर कार्य नहीं करती है तो क्रांति सेना को खुद चुनाव में उतरना चाहिए लेकिन हमारा संगठन गैर राजनीतिक संगठन रहकर ही छत्तीसगढीयों के हक अधिकार के लिए कार्य करता रहेगा। वही जिला संयोजक ठाकुर शैलू छत्तीसगढ़िया ने बताया कि आज के बैठक में कुल 62 लोग उपस्थित रहे। आदिवासी समाज से भी बहुत लोगों ने इस विस्तार कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया और सभी ने आने वाले चुनाव में बूढ़ादेव की सरकार यानी छत्तीसगढ़ीयो की सरकार बनाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर प्रदीप साहू, सोनू यादव रामचंद्र नेताम समेत दर्जनो क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# बेमेतरा चौकी कंडरका पुलिस की कार्यवाही

### चोरी गये चोरी गये वाशिंग मशीन, बोर पंप,सावर नल सहित आरोपीगण गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

प्रार्थी तारकेश्वर वर्मा उम्र 42 वर्ष साकिन गब्दा पुलिस चौकी कंडरका थाना बेरला ने हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि यह अपने घर का दरवाजा बंद करके बचेली जिला दंतेवाडा गया हुआ था जिसका देखरेख रेगहा दार करता है की 17 जुलाई 2023 के रात्रि में कोई अज्ञात चोर द्वारा दरवाजे का ताला तोड़कर घर के अंदर प्रवेश कर घर में रखे एक वाशिंग मशीन एवं घर के बाहर लगे बोर पंप एवं अन्य सामग्री कीमती करीब 21,000 को चोरी कर ले गया बाद में पता चला कि गांव के सुरज निषाद, ताकेश्वर निषाद, कोमल निषाद एवं एक अन्य के द्वारा इसके सुने मकान में प्रवेश कर के ताला तोडकर वाशिंग मशीन, एक एचपी का बोर पंप, सावर नल को संदेही लोगो के द्वारा चोरी किये है कि रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा 457, 380 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता भापुसे ने आवश्यक निर्देश दिये। जिसके तहत अति.पुलिस अधीक्षक



पंकज पटेल एवं एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के मार्गदर्शन में पुलिस चौकी कंडरका प्रभारी सउनि डीएल सोना को अपराध विवेचना हेतु चौकी स्टाफ के साथ माल मुल्जिम पतासाजी में लगाया गया। विवेचना माल मुल्जिम पतासाजी के दौरान जरिये मुखबिर सूचना पर संदेही आरोपी सुरज निषाद, तारकेश्वर निषाद, कोमल निषाद एवं एक विधि के साथ संघर्षरत बालक से पूछताछ करने पर उक्त चोरी की घटना करना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से चोरी गये वाशिंग मशीन, बोर पंप, सावर नल एवं अन्य समान कीमती करीबन 21,000 रूपये को जप्त कर बरामद किया गया। आरोपी सुरज निषाद पिता चंद्रशेखर निषाद उम्र 26 साल,कोमल निषाद पिता जोहन निषाद उम्र 19 साल ताकेश्वर निषाद पिता मदन निषाद उम्र 19 साल को सभी निवासी ग्राम गब्दा पुलिस चौकी कंडरका थाना बेरला जिला बेमेतरा को 26 जुलाई 2023 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया एवं 01 विधि के साथ संघर्षरत बालक को माननीय न्याय किशोर बोर्ड न्यायालय में पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में पुलिस चौकी कंडरका प्रभारी सउनि डीएल सोना, सउनि दिनेश चंद शर्मा, आरक्षक संजय पाटिल, गौतम ठाकुर व अन्य चौकी स्टाफ का सराहनीय भुमिका रही।

# आज तक प्रेमनगर में नही खुला धनवंतरी मेडिकल स्टोर, मजदूर, किसानों को नहीं मिल रहा सस्ती दर में दवाई

### सीएम बघेल के ड्रीम प्रोजक्ट कागजों में धूल खा रहा

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

**जिले के स्वास्थ्य विभाग के अफसर जनता को सुविधाएं पहुंचाने की बड़े-बड़े दावे कर ले किन्तु धरातल में जनता को शासन की योजनाओं का लाभ मिलते दिखता नहीं है।**




प्रदेश के सीएम भूपेश बघेल द्वारा आम जन को सस्ते दामों में जैनरिक दवाई उपलब्ध हो सके इसके लिए नगर निकाय में धनवंतरी मेडिकल स्टोर की स्थापना खोलने की व्यवस्था किया था। किंतु आज दिनांक तक प्रेमनगर नगर पंचायत में धनवंतरी मेडिकल स्टोर नही खुल पाया है। जिससे दूर दराज से आने वाले मरीजों को किफ ायती दाम में दवाई नहीं मिल पा रहा है। गौरतलब है कि प्रदेश के सीएम भूपेश बघेल द्वारा 1 वर्ष पूर्व नगर निकाय क्षेत्रों में धनवंतरी मेडिकल स्टोर खोलने हेतु नगर निकाय प्रशासन को जिम्मेदारी दिया गया था। इनके द्वारा सभी सीएमओं को आदेश जारी कर खोलने के लिए निविदा मंगवाया जाना था। किंतु प्रेमनगर नगर पंचायत सीएमओ द्वारा बगैर निविदा निकाले ही एक बाहरी व्यक्ति को टेंडर दिया था। जिसने बगैर लाइसेंस के प्रेमनगर अस्पताल के सामने चल रहे दुकान के बोर्ड में धनवंतरी को बोर्ड लगाकर उद्घाटन कर दिया था। जिसका लाइसेंस भी नहीं बन पाया था। जिसका समाचार प्रकाशन होने के बाद दुकान संचालक ने दुकान बंद कर फरार हो गया है। जिसके एक वर्ष बाद भी नगर पंचायत प्रेमनगर के सीएमओ, सूरजपुर नगर पालिका के सीएमओ द्वारा पुन: निविदा आमंत्रित नही किया है और ना तो आज तक धनवंतरी योजना का लाभ किसानों मजदूर के परिवारों को लाभ मिल पाया है।

जबकि प्रेमनगर में ही कई फ ार्मासिस्ट धनवंतरी दुकान लेने के लिये तैयार है। और प्रशासन दुकान खोलने के लिए पहल करते हुए दिख नहीं रहा है। जबकि प्रशासन को दुकान छोड़ कर भागने 1 वर्ष तक दुकान नहीं खोलने वाले वेंडर पर कार्यवाही करते हुए कार्यवाही किया जाना था किंतु अब तक ना तो कार्यवाही हुई है और ना ही धनवंतरी मेडिकल स्टोर खुला है। जबकि प्रशासन तमाम योजनाओं का संचालन होने की बात कह कर अपनी पीठ थपथपाते रहता है। वहीं जमीनी हकीकत कुछ और बया कर रही है।

# वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन जिला बेमेतरा महिला ईकाई के गठन हेतु बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन छग के जिला बेमेतरा महिला ईकाई के गठन हेतु बैठक अरविन्द ओझा प्रदेश अध्यक्ष, नमिता शर्मा महिला अध्यक्ष, गुणानिधि मिश्रा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के आतिथ्य में शुक्रवार, 28 जुलाई 2023 को होटल सफ ायर, रायपुर रोड, बेमेतरा में आयोजित हुई। जिसका शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं स्वागत गीत द्वारा किया गया। इस बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा ने वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद के उद्देश्यों एवं कार्यक्रमों के विषय में बताया एवं बेमेतरा में जुड़े सभी सदस्यों का स्वागत किया। महिला अध्यक्ष नमिता




शर्मा ने सभी सदस्यों को सामाजिक कार्य हेतु आगे आकर महिला ईकाई गठन हेतु बधाइयां व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी महिलाएं बहुमुखी प्रतिभा की धनी हैं जो अपने निजी दायित्वों के साथ-साथ समाजसेवा के लिए आगे आ रही हैं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गुणनिधि मिश्रा ने संगठन के अंतरराष्ट्रीय से लेकर प्रदेश स्तरीय कार्यों पर प्रकाश डाला एवं एकजुट होकर संगठन में सहभागिता की अपील की इस बैठक में महिला महासचिव सुमन मिश्रा, जिला बिलासपुर रेखेन्द्र तिवारी सहित सभी सदस्यों ने अपने परिचय के साथ अपने विचार रखे। जिला बेमेतरा महिला ईकाई में शारदा तिवारी, जिला अध्यक्ष,उमा तिवारी शहर अध्यक्ष, रानी दुबे उपाध्यक्ष, कनकलता मिश्रा सचिव,मंजू तिवारी सांस्कृतिक सचिव एवं वीणा शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत कर नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। आगामी समय में बेमेतरा के सामान्य सदस्यों को जोड़कर संगठन का और विस्तार किया जाएगा। मनोनित नवीन कार्यकारिणी ने प्रदेश से पधारे पदाधिकारियों का शाल, श्रीफ ल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने संगठन के सभी आयोजनों में सहभागिता प्रदान कर सामाजिक हित में कार्य करने सहमति प्रदान की। इस बैठक में प्रमुख रूप से करुणा तिवारी, अन्नू दुबे, संतोषी तिवारी, विजेता दुबे, कीर्ति तिवारी, शशि किरण शर्मा, कमलेश तिवारी, नीलिमा तिवारी आदि उपस्थित रहे। बैठक कार्यक्रम का मंच संचालन कनकलता मिश्रा एवं आभार प्रदर्शन रानी दुबे द्वारा किया गया। उपरोक्त बातों की जानकारी अरविन्द ओझा, प्रदेश अध्यक्ष वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन छत्तीसगढ़ ने दी।

# रेशम विभाग के टसर धागाकरण योजना से समूह की 501 महिलाएं हो रही मालामाल

## उत्पादित धागे से 1 करोड़ 95 लाख 40 हजार का किया गया लाभ अर्जित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

**रेशम विभाग के टसर धागाकरण योजनान्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र में कृषि कार्य, मजदूरी एवं वनोपज से आय का एक प्रमुख साधन है जो एक निश्चित अवधि के लिए होती है। पुरूष तो काम के तलाश में बाहर जा सकते हैं।**





किन्तु महिलाओं के लिए अपने गांव के आस-पास में रोजगार प्राप्त करने हेतु इधर-उधर भटकना पड़ता था ऐसे ही कुछ जरूरत मंद महिलाएं शासकीय कोसा बीज केन्द्र कुनकुरी में चल रहे टसर धागाकरण योजनान्तर्गत संचालित टसर मशीनों को देखने आई एवं धागाकरण कार्य को देखकर स्व-प्रेरित होकर स्वयं भी इस कार्य को करने के लिए इच्छा प्रकट की तथा विभाग द्वारा इन महिलाओं को समूह बनाकर टसर धागाकरण प्रशिक्षण दिया गया। इसी कड़ी में कुनकुरी, फरसाबहार, पत्थलगांव और कांसाबेल विकासखण्ड में 7 स्व-सहायता समूह गठन किया गया। महिला समूह के द्वारा टसर धागाकरण कार्य कर धागा उत्पादन किया जा रहा है। वर्ष-2022-23 में टसर धागाकरण समूह की 501 महिलाओं के द्वारा 3355279 किलोग्राम रिलींग धागा उत्पादन किया गया तथा 2315.273 किलोग्राम घींचा धागा उत्पादन किया गया एवं वेस्ट सामग्री से 547.148 किलोग्राम धागा उत्पादन किया गया हैं। उत्पादित धागे का समूह के द्वारा विपणन कर राशि 1 करोड़ 95 लाख 40 हजार 383 का लाभ अर्जित किया गया। उपरोक्त टसर धागारकण कार्य में महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने हेतु डीएमएफ एंव आईटीडीपी एंव विभागीय योजना से महिलाओं को मशीन प्रदाय किया गया एंव प्रशिक्षण हेतु राशि जिला प्रशासन के द्वारा उपलब्ध कराया गया। जिसके द्वारा 501 महिलाऐं टसर धागाकरण कार्य कर स्वालम्बी हो चुके हैं। समूह के कई महिलाऐं पहले काफी गरीबी में जीवन यापन कर रही थीं, वे इस योजना से जुड़कर अब तक अपनी-अपनी जीवन स्तर में सुधार कर ली हैं इसी योजना से अतिरिक्त आय अर्जित कर अपने कृषि भूमि में खेती का कार्य कर उन्नत किस्म का धान एंव अन्य फसल का उत्पादन कर रहे हैं। कई ऐसे महिलाऐं जिनके पास सायकल खरीदने को सपना देखते थे। परन्तु आज इसी कार्य से दो पहिया वाहन आसानी से खरीद के चला रहे हैं, अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा हेतु अच्छे स्कूलों में पढ़ाई लिखाई करवा रहें है।

समुह के ऐसे 501 महिलाएं हितग्राही जो आज धागाकरण कार्य से स्वालंबी हो चुके हैं एंव परिवार का भी आर्थिक स्थिति में मजबुत कर रहे हैं जिससे इनका जीवन स्तर और भी उपर की ओर जा रही है जिससे समाज में इनकी अलग पहचान मिल रही है तथा रेशम विभाग महिला समूह को हर स्तर पर सहयोग कर रही है महिलाओं को कोकून बैंक के माध्यम से कोसा उपलब्ध कराना मशीनों द्वारा उत्पादित धागा को विपणन कराना तथा विक्रय किया गया धागा का राशि उनके खाते में उपलब्ध कराना इत्यादि। इस प्रकार महिलाओं एंव गरीब परिवारों को रेशम विभाग द्वारा इनके पूर्ण विकास सकारात्मक आर्थिक विकास की ओर प्रयासरत है जिससे वे अपने क्षमता को समझ सके महिलाओं का सशक्त होना आज की महति आवश्यकता है। सशक्त महिला सशक्त समाज को गढ़ता है जिससे देश के विकास होने में सहयोग होती है। ग्रामोद्योग संचालनालय रेशम प्रभाग की टसर धागाकरण की योजना सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। आने वाली पीढ़ी के द्वारा रोजगार हेतु किसी अन्य राज्य नारी में पलायन नहीं करना पडेगा अपने ही राज्य अपने ग्रामों में रहकर स्व-रोजगार प्राप्त कर सकतें है।

## एक नजर

### बीरू खान कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष बनाये गए

जोहार छत्तीसगगढ़-एमसीबी।



विगत दिन छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग के द्वारा अपने प्रदेश एवं जिला अध्यक्षों की सूची घोषित कर दी गई है। जिसमें नवगठित जिला मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर के जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी चिरमिरी के युवा नेता इसरार मोहम्मद बीरू को सौंपी गई है। इससे पहले बीरू खान भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई एवं युवा कांग्रेस में रह कर, पार्टी की मजबूती और युवाओं के बीच काम करते रहे हैं। युवाओं के बीच खासी सक्रियता रखने वाले इसरार मोहम्मद, अपने राजनैतिक एवं सामाजिक गतिविधियों में रहने के साथ-साथ क्रिकेट, कबड्डी आदि खेलकूद प्रतियोगिताओं में भी दिलचस्पी रखते हैं। इनकी नियुक्ति से युवाओं में हर्ष व्याप्त है और कांग्रेस में अल्पसंख्यक विभाग के सक्रिय भूमिका की उम्मीद जताई गई है। नव नियुक्त अध्यक्ष इसरार मोहम्मद ने अपने इस नियुक्ति पर प्रदेश अध्यक्ष अमीन मेमन, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महन्त एवं प्रदेश तथा जिले के वरिष्ठ नेताओं का आभार जताते हुए, उनके उम्मीदों पर खरा उतर कर,संगठन और पार्टी की मजबूती की दिशा में भरपूर योगदान सुनिश्चित करने की बात कही है।

### एमडी शमीम को मिला प्रदेश का दायित्व बनाए गए,भारतीय पसमांदा मंच छत्तीसगढ़ का-प्रदेश उपाध्यक्ष

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।



भारतीय पसमांदा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमर सिद्दीकी एवं प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ रेशमा शेख की सहमति से भाजपा में वर्षो से सक्रिय रहे एवं संगठन के दायित्वों को निभाने वाले एवं समाज सेवी व मुस्लिम समाज के उत्थान के लिए हमेशा खड़ा रहने वाले बलरामपुर जिले के कुसमी से एमडी शमीम को प्रधान मंत्री मा. नरेंद्र मोदी के सपनों को साकार करने के उद्देश्य से सबका साथ सबका विकास व सबका विश्वास को जमीनी स्तर तक पहुंचाया जा सके जिसको लेकर एमडी.शमीम को प्रदेश उपाध्यक्ष की बड़ी जिम्मेदारी दी गई उन्होंने बताया कि पसमांदा वे लोग शामिल हैं जो सामाजिक,शैक्षिक,और आर्थिक रूप से पिछड़े हैं। एमडी शमीम ने कहा संगठन के द्वारा जो जिम्मेदारी दी गई उसे निष्ठापूर्वक निभाते हुए केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करूंगा एवं संगठन का आभार व्यक्त किया।

### निधन

जोहार छत्तीसगढ़-खरसिया।



खरसिया नगर की प्रतिष्ठित फर्म श्री बालाजी साड़ी के संचालक व खरसिया नगर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश कबुलपुरिया का आज सुबह 10.30 बजे हृदय गति रूक जाने की वजह से आकस्मिक निधन उनके निवास स्थान में हो गया है। कबुलपुरिया अपने पीछे तीन भाई सुरेश, सुभाष व मनोज, 5 पुत्रियांए 1 पुत्र व नाती-पोतियों से भरा कुटुम्भ को रोता बिलखता छोड़ गए हैं। कबुलपुरिया के निधन का समाचार सुनते ही खरसिया नगर में शोक की लहर दौड़ गई व जिसे भी यह समाचार मिला वो हतप्रभ रह गया। कबुलपुरिया खरसिया लायंस क्लब के वरिष्ठ सदस्य रहते हुए नगर व क्लब के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इसकी अंतिम यात्रा 30 जुलाई को शाम 5.30 बजे पुत्रिशाला रोड स्थित उनके निवास स्थान से निकलकर स्थानीय मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। इनको मुखाग्नि इनके एक लौते पुत्र विनय कबुलपुरिया ने दी।

## विधानसभा आम निर्वाचन 2023 फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण हेतु तिथियां निर्धारित

* नामावली के प्रारंभिक प्रकाशन 2 अगस्त को, विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का होगा आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

विधानसभा आम निर्वाचन 2023 की तैयारियों के तहत फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अहर्ता तिथि 1 अक्टूबर 2023 के संदर्भ में तिथियां निर्धारित की है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन के लिए 2 अगस्त निर्धारित है। दावा आपत्ति प्राप्त करने की तिथि 2 अगस्त से 31 अगस्त तक और मतदान केंद्र स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन 12, 13, 19 एवं 20 अगस्त निर्धारित है। विधानसभा स्तर पर समस्त हायर सेकेंडरी स्कूलों, महाविद्यालयों में विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर नवीन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े जाने एवं पुनरीक्षण संबंधी कार्य किया जाएगा। 2 अगस्त को जिले के समस्त हायर सेकेंडरी स्कूलों एवं महाविद्यालयों में विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर मतदान एवं मतदाता सूची में नाम जोड़े जाने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। 19 एवं 20 अगस्त को जिले के बृद्धजन एवं नवविवाहिता वधुओं को सम्मानित करने कहा गया है। साथ ही मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें जिला स्तर पर साइकिल रैली, मैराथन दौड़, मानव श्रृंखला निर्माण, मतदान जागरूकता रैली, तहसील स्तर पर मोटरसाइकिल रैली एवं ग्राम पंचायत स्तर पर बृद्धजन एवं नवविवाहिता वधुओं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा तथा महाविद्यालय स्तर पर पोस्टर प्रतियोगिता, नारा प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता जैसे विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर मतदान के प्रति जागरूक किया जाएगा।

## छत्तीसगढ़ की सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ेगी आम आदमी पार्टी

कुसमी में बदलाव पदयात्रा निकालकर, एक मौका केजरीवाल को लेकर नारे-बाजी किया

जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।




छत्तीसगढ़ के सामरी विधानसभा में 28 जुलाई 2023 को आम आदमी पार्टी का बदलाव पदयात्र सम्पन्न हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ के सह प्रभारी नरेश बारिया जी गुजरात से चल कर बलरामपुर जिले के सामरी विधानसभा के कुसमी पहुंचे और कुसमी रेस्ट हाउस से लेकर बस स्टैंड होते हुए खेल ग्राउंड तथा उसके बाद बस स्टैंड पर बदलाव पदयात्रा को समापन किया गया। इस बीच कुसमी बस स्टैंड में बहुत ही प्यार भरी आवाज से उन्होंने सभी को संबोधित करते हुए, सभी जनता का स्वागत किया और कहा कि इस बार एक मौका केजरीवाल को देकर देखिए जिस तरह दिल्ली में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिलजी, पानी, महिलाओं के लिए बस यात्रा, मुफ्त किया और पंजाब में भी कर के दिखा रही है ठीक उसी तरह छत्तीसगढ़ में भी दिल्ली और पंजाब की तरह कर के देगी। पूरे छत्तीसगढ़ में पूरे 90 विधानसभा सीटों में आम आदमी पार्टी पूरी ताकत से चुनाव लड़ने के लिए तैयारी कर रही है। और छत्तीसगढ़ में सरकार बनने की पूरी उम्मीद है। और सरगुजा लोकसभा अध्यक्ष मनोज दुब, जिला अध्यक्ष इंद्र देव नाग के साथ पूरे सामरी विधानसभा के क्रांतिकारी कार्यकर्ता उपस्थित हुए। और रैली निकाला गया जिसमें सभी ब्लॉक अध्यक्ष और सर्कल प्रभारी उपस्थित रहे। और सामरी विधानसभा के सभी क्रांतिकारी साथी और सभी क्षेत्र के क्षेत्रवासी गण भाग लिये जिसमें सफलतापूर्वक बदलाव यात्रा का शुभारंभ किया गया जिसमें बलरामपुर जिला के चारों कोने कोने से आए सभी क्रांतिकारी साथी संकल्प लेकर गए कि इस बार कांग्रेस और बीजेपी को उखाड़ फेंकने की काम करेगी। और आम आदमी पार्टी झाड़ू छाप को भारी बहुमत से सरकार का सम्मान करते हुए, छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने की तमन्ना लेकर सभी क्रांतिकारी अपने विचार व्यक्त किए।

## महिला सरपंच के बचे हुए मुआवजा को रोकने की मांग

**कोरबा** । ग्राम पंचायत रलिया की सरपंच की कारगुजारी से ग्रामीण काफी परेशान है। दरअसल मुआवजा के चक्कर में महिला सरपंच उसी स्थान पर फिर से घर बनवा रही है जिसका उसने पूर्व में मुआवजा प्राप्त किया है । इस मामले की शिकायत के रलिया उपसरपंच ने क्षेत्रीय महाप्रबंधक सहित शासन प्रशासन के अधिकारियों से की है। आपको बता दें कि कोयला खदान के विस्तार के लिए ग्राम रलिया का अधिग्रहण किया गया है । वर्तमान में मुआवजा व नौकरी वितरण का कार्य किया जा रहा है। लेकिन अधिक मुनाफा पाने के चक्कर में ग्राम रलिया की सरपंच एसईसीएल के अधिकारियों से सांठगांठ कर उसी स्थान को कोल कंपनी को फिर से बेचने के फिराक में लगी हुई है। उपसरपंच का आरोप है कि महिला सरपंच ग्रामीणों का भयादोहन भी करती है। भोले-भाले ग्रामीण कई मर्तबा महिला की दबंगई का शिकार भी हुए हैं। यही कारण है कि कोई सरपंच के खिलाफ कुछ भी बोलने से परहेज करता है। जिसका बेजा फायदा महिला सरपंच अब उठाने लगी है। लेकिन इस बार महिला सरपंच के खिलाफ उपसरपंच ने आवाज उठाई है उन्होंने महिला सरपंच के बचे हुए मुआवजा को रोकने की भी मांग अधिकारियों से की है। बहरहाल मुआवजा के फेर में एक ही जमीन के कई मालिक बनाने के मामले तो हमेशा प्रकाश में आते हैं।

## आवारा पशुओं को मुख्य मार्ग से हटाने चलाया जा रहा रोका-छेका अभियान




जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

कलेक्टर नरेंद्र कुमार दुग्गा के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में रोका छेका अभियान के तहत मुख्य मार्गों से आवारा पशुओं को हटाने की कार्यवाही की जा रही है। नगरीय निकायों में काऊ कैचर वाहन के जरिए आवारा पशुओं को पकड़कर गोठानों और अन्य सुरक्षित जगहों में ले जाया जा रहा है। इसी तरह पशुपालन विभाग के द्वारा शहरी क्षेत्रों में आवारा पशुओं का चिन्हांकन कर रेडियम बेल्ट लगाने और टैगिंग की कार्यवाही की जा रही है। इनका रजिस्ट्रेशन करके वैक्सिनेशन की कार्यवाही भी की जा रही है। कलेक्टर नरेंद्र दुग्गा ने लोगों से व्यवहार परिवर्तन की अपील करते हुए रोका-छेका अभियान में सहयोग करने और पशुपालन विभाग को घुमंतू मवेशियों के गले में रेडियम बेल्ट लगाए जाने में सहयोग करने की बात कही। रेडियम बेल्ट और टैग लग जाने से गाड़ियों से होने वाले रात के समय होने वाली रोड दुर्घटना में कमी आयेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में भी आवारा पशुओं को मुख्य मार्ग से हटाने संबंधित ग्राम पंचायत पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है।

## भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ एमसीबी में मनोनीत हुए पदाधिकारी

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।




राज्य सचिव भारत स्काउट्स एवम गाइड्स छत्तीसगढ़ कैलाश सोनी के निर्देशन एवम उपस्थिति में जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा के आदेशानुसार सहायक राज्य प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट शैलेन्द्र मिश्रा, सहायक राज्य संगठन आयुक्त सरगुजा संभाग द्वय स्काउट गाइड त्रिभुवन शर्मा,जेरमिना एक्का तथा विकास खंड शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र जायसवाल के गरिमामय उपस्थिति में नव गठित जिला मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर के जिला संघ स्काउट गाइड कार्यकारिणी का गठन हुआ। बैठक के प्रारंभ में प्रार्थना के पश्चात राज्य सचिव कैलाश सोनी ने जिला संघ एम सी बी को मान्यता प्रमाण पत्र तथा जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त अजय मिश्रा को अधिकार पत्र प्रदान किये। जिला कार्यकारिणी के मनोनीत पदाधिकारी के रूप में जिला संगठन आयुक्त स्काउट दान बहादुर सिंह एजिला संगठन आयुक्त गाइड कु.सोनम कश्यप, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट शान्तनु कुर्रे, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड सुचिता टोप्पो,जिला सचिव अशोक साहू,जिला सह सचिव समीक्षा सिंह तथा जिला आयुक्त गाइड, रश्मि रानी गुप्ता को जिले में स्काउटिंग आंदोलन के सुचारू रूप से संपादन के लिए की नई जिम्मेदारी दी गई। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि स्काउटिंग के मूलभूत सिद्धांत के अनुरूप स्काउट गाइड के सर्वांगीण विकास के लिए सभी को पूरी लगन से कार्य करते रहना है। स्काउट मास्टर के लिए उच्चतम योग्यता हिमालयन वुड बैज को प्राप्त करने वाले स्काउट मास्टर के.प्रफुल्ल रेड्डी,वंश गोपाल,संतोष यादव तथा गेंदलाल गोवाल को सहायक राज्य प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट शैलेन्द्र मिश्रा ने बीट प्रदान किये और एडवांस गाइड प्रशिक्षण उत्तीर्ण गाइड कैप्टन अंजू महंत को प्रमाण पत्र प्रदान किये तथा शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए संबोधन में कहा कि स्काउट गाइड को देश के लिए उत्तम नागरिक बनाने के लिए सभी को लगन पूर्वक कार्य करते रहना है। बैठक में तीनो विकास खंड खड़गवां, भरतपुर,मनेन्द्रगढ़ के सचिव जितेंद्र सिंह, उपेंद्र सिंह,जितेंद्र सिंह और स्काउट मास्टर जीवन टोप्पो,विनोद कुमार,उत्तम साहू,चंद्रिका प्रसाद,रविन्द्र पैंकरा,देव सिंह,भैया लाल बैगा, राम सुमिरन कुशवाहा, पवन तिवारी,डेगमन राजवाड़े,जनार्दन तिवारी,वजय यादव,सुनील विंध्यराज,जगरनाथ प्रसाद यादव,मानसिंग वाकरे, कमलेश बसंत,कमलेश पांडेय,और गाइड कैप्टेन प्रियंका पांडेय,शीला सिंह में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट शांतनु कुर्रे ने किया।

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, सोमवार 31 जुलाई 2023

# गुलाब के मौत मिस्ट्री पर पुलिस की लगातार कार्यवाही,दो दिन में दो कार्यवाही पहले दिन लॉज सील दूसरे दिन संचालक गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-गरियाबंद।

3 जुलाई देवभोग के आसरा लॉज में पास के गॉव कुम्हड़ई खुर्द के गुलाब का लाश कमरा नम्बर 106 में संदिग्ध अवस्था में पायी गयी। पंडरामाली समाज ने पुलिस कार्रवाई को लेकर कई सवाल खड़ा किया जमकर सड़क प्रदर्शन भी किया था। गुलाब का मौत मिस्ट्री अब प्रशासन के नाक का सवाल बन गया है। हालांकि पुलिस मामले पर संदिग्ध लोगों से शुरू से पुछताछ कर रही है मौत के हर पहलू को खंगाल रही है पर पंडरामाली समाज इससे संतुष्ट नहीं है और हत्या का संदेह कर लगातार दोषीयों पर कारवाई की मांग कर रहा है।

### पीएम में पता चला नहीं पुलिस को एफएसएल रिपोर्ट का इंतजार

पुलिस का कहना है मामले पर पीएम रिपोर्ट में कुछ पता चला नहीं पुलिस को एफएसएल रिपोर्ट का इंतजार है। मामले पर पीए रिपोर्ट भी लेट मिला जिसके चलते पुलिस विवेचना म भी विलम्ब हुआ।

### गुलाब के मौत पर अब तक क्या हुआ एक रिपोर्ट

03 जुलाई लाज के कमरा ने 106 में गुलाब की लाश संदिग्ध अवस्था में मिली। पुलिस पंचनामा कर विवेचना में जुट गयी। लाश की संदिग्ध अवस्था देख परिजन को हत्या का अंदेशा हुआ। फोन डिटेल के आधार पर संदेहीयो से सघन पुछताछ और पुलिस हर पहलु को जांचने लगी। 11जुलाई को परिजन के साथ पंडरामाली समाज ने थाना प्रभारी से मिलकर जांच और कारवाई की मांग की थी। मांग पर थाना प्रभारी गौतम गावडे ने 15 दिवस के भीतर मामले पर कारवाई का आश्वासन दिया था। परिजन और समाज के लोग 18 जुलाई को फिर से पुलिस से मुलाकात कर कारवाई की मांग किये थे।




11जुलाई को समाज की बैठक जिसमे हजारों की संख्या में समाजिक कार्यकर्ता शामिल हुये। 26 जुलाई को एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर आंदोलन की चेतावनी दिया गया। 28 जुलाई को लाज सील करने और संचालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर विशाल सड़क प्रदर्शन जिसमे देवभोग के सभी रास्ते पर जाम लगा दिया गया।

### पुलिस की दो दिन में दो बड़ी कारवाई

समाज ने जिन दो मांग को लेकर जाम लगाया था प्रशासन ने 28 जुलाई को हाईलेवल मिटिंग कर लॉज पर बड़ी कारवाई करते हुये लाज को सील कर दिया वही 29 जुलाई की सुबह लॉज संचालक वीर सिंह परिहार को नियम विरूद्ध बिना आईडी प्रूफ के कमरा देने के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल दाखिल कर दिया है।

### एक दो दिन में हो सकते है चौकाने वाले खुलासे

*पुलिस प्रशासन गुलाब के मौत को लेकर एक्शन मूड पर है जल्द ही मामले को अंजाम तक पहुंचाने में जुट गयी है। एडिशनल एसपी देवचरन पटेल खुद कमान सम्हाल लिये है जहां मामले में पुलिस जांच तेजी से आगे बढ़ा रही है वही लोग दो तीन दिन में चौकाने वाले खुलासे होने का कयास लगा रहे हैं।*

## एक नजर

### नव मतदाता सम्पन्न के तहत् युवाओ से चर्चा-चिराग

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।



30 जुलाई 2023 को भारतीय जनता पार्टी एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष चिराग अग्रवाल ने सक्ती विधानसभा के भाजपा मंडल सक्ती वार्ड 1 जाकर भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा नव मतदाता सम्पर्क के तहत् युवाओं से चर्चा कर नव मतदाताओ को अभिनंदन पत्र भेंट किए। इस अवसर पर मंडल भाजयुमो अध्यक्ष गौतम शर्मा, गुलशन कुमार कोषाध्यक्ष, अभिषेक गवेल मंडल मंत्री एवं युवा मोर्चा के साथी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ में पहली बार 200 रुपए किलो बिक रहा



**रायपुर.** रायपुर समेत पूरे छत्तीसगढ़ में टमाटर के दाम बढ़ रहे हैं। दरअसल, इसकी बड़ी वजह देशभर में हो रही भारी बारिश के कारण टमाटर की कम आवक बताई जा रही है। छत्तीसगढ़ में पहली बार 200 रुपए किलोग्राम टमाटर बिक रहा है। राजधानी के विभिन्न बाजारों में टमाटर शनिवार को 180 से 200 रुपए किलोग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया, जबकि यह लगभग दो माह से 100-120 रुपए प्रति किग्रा से ऊपर बिक रहा था। वहीं, जगदलपुर में 180 रुपए, बिलासपुर में 120, अंबिकापुर में 140-150, जबकि दुर्ग-भिलाई में 120-140 रुपए किग्रा टमाटर की बिक्री हो रही है। श्रीराम थोक सब्जी विक्रेता समिति डूमरतराई के अध्यक्ष टी.श्रीनिवास रेड्?डी ने बताया कि बारिश के कारण टमाटर की आवक थम सी गई है। टमाटर के लिए रायपुर बाजार वर्तमान में सिर्फ बेंगलुरू पर निर्भर है। पिछले काफी दिनों से 3 से 4 ट्रक ही टमाटर आ रहे हैं। आम दिनों में 15 से 20 ट्रक टमाटर की आवक होती है। शनिवार को मात्र 3 ट्रक टमाटर की आपूर्ति हुई। यही वजह है कि टमाटर के भाव ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए हैं।

### महापौर ने विंध्यवासिनी वार्ड में बोर खनन का शिलान्यास किया

**धमतरी** । विंध्यवासिनी वार्ड मे वाल्मीकि गली मे बोर खनन कार्य का शिलान्यास मुख्य अतिथि महापौर विजय देवांगन,अध्यक्षता जल विभाग के अध्यक्ष अवैश हाशमी,विशिष्ट अतिथि वार्ड वरिष्ठ पार्षद संजय डागौर एवं वार्ड पार्षद एवं एमआईसी मेम्बर कमलेश सोनकर और वार्ड वासियों के करकमलो से संपन्न हुआ। वार्डवासियों को पानी की समस्या से राहत दिलाने पार्षद कमलेश सोनकर लगातार संघर्षरत रहे। महापौर विजय देवांगन द्वारा वार्डो की मूलभूत सुविधा को सामने रखने के लिए जन-चौपाल लगाया गया, विंध्यवासिनी वार्ड पार्षद कमलेश सोनकर एवं वार्ड वासियों द्वारा वार्ड में पानी की समस्या को जन-चौपाल मे रखकर बोर खनन कराने की मांग किए जिसे महापौर ने गम्भीरता से लिया और इस कार्य को करने विभागीय अधिकारी को निर्देशित किया था। जल विभाग अध्यक्ष अवैश हाशमी ने विभाग में बैठक बुलाकर पास किए जिसे महापौर, सभापति एवं आयुक्त ने स्वीकृति प्रदान किए जिस पर विंध्यवासिनी वार्ड के वाल्मीकि गली मे बोर खनन के शिलान्यास होने पर वार्ड वासियों ने खुशी जाहिर करते हुए महापौर विजय देवांगन,सभापति अनुराग मसीह,आयुक्त विनय पोयाम,जल विभाग के अध्यक्ष अवैश हाशमी,वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य कमलेश सोनकर सहित नगर निगम का धन्यवाद कर आभार व्यक्त किये इस अवसर पर राजकुमार साहू, हेमलाल साहू,संतोष देवांगन,इंद्र कुमार साहू,विकास डागौर,पुसया,सरिता चौहान, लक्ष्मी नाग,सविता सारसर,भागवत साहू,रोहिणी ध्रुव,कृष्णा नेताम,राजेश,संजू, लक्ष्मण सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

## लूट के 3 आरोपी और बाइक चोरी के 4 आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा



रायपुर. रायपुर की मंदिर हसौद थाना पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से 3 लोग लूट और 4 चोरी के आरोपी हैं। आरोपियों के नाम धर्मेंद्र उर्फ लल्ला टंडन, सौरभ कुमार सारथी, कुणाल साहू, डिगेश्वर चक्रधारी, ओमकार शेंदे, टीकम दास मानिकपुरी और राजेश वर्मा हैं। मामला मंदिर हसौद थाना क्षेत्र का है। पहले मामले में 3 आरोपियों ने एक फैमिली के साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया था। 27 जुलाई को दीनानाथ सायतोड़े अपनी बहन और पिता के साथ पैदल मंदिर हसौद की तरफ जा रहा था। तभी एचपी पेट्रोल पंप के पास बाइक पर सवार होकर 3 युवक पीछे से आए और गालीगलौज शुरू कर दी। आरोपियों ने फैमिली के साथ मारपीट कर उनसे मोबाइल छीन लिया और फरार हो गए।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 29 जुलाई को धर्मेंद्र उर्फ लल्ला टंडन, सौरभ कुमार सारथी और कुणाल साहू को हिरासत में ले लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर तीनों आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस इन्हें गिरफ्तार करके आगे की कार्रवाई कर रही है। मंदिर हसौद थाना पुलिस ने बाइक चोरी के 4 आरोपियों को भी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

## भाजपा महिला मोर्चा ने सीएम और आबकारी मंत्री का फूंका पुतला

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल ने कोटा के विधायक एवं आबकारी मंत्री कवासी लखमा के इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि सुकमा जिले में इस प्रकार की एक महीने में नाबालिक बच्ची पर दुष्कर्म का यह दूसरा मामला है।कोरिया भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल ने गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू और प्रदेश के मुख्यमंत्री पर हल्ला बोलते हुए कहा की सुकमा सहित पूरे छत्तीसगढ़ राज्य की कानून व्यवस्था बुरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। आयोजन स्थल से कोरिया भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष धर्मवती राजवाड़े ने कहा की पोटा केबिन के अंदर भी बच्चियां सुरक्षित नहीं है। पोटा केबिन अधीक्षक सहित अन्य आश्रमों छात्रावासो में अपात्र लोगों की नियुक्तियां की जा रही है। मोटा




कमीशन की एवज में कांग्रेस सरकार कवासी लखमा के इशारे पर पूरी तरह से खुली छूट दे रही है। ऐसी घटनाएं इसी का परिणाम है। प्रदर्शन में शामिल कोरिया जिला पंचायत सदस्य व महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष वंदना राजवाड़े ने कहा की नाबालिग बच्चियों के साथ दरिंदगी की घटना के बाद गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू और मंत्री लखमा अपने पद पर रहने का नैतिक अधिकार खो चुके हैं।और घटना पर अपनी प्रतिक्रिया देने की बजाय चुप्पी साध कर बैठे हैं। इसी कड़ी में कोरिया जिला पंचायत सदस्य पटना क्षेत्र व भाजपा नेत्री सुनीता कुर्रे ने कहा की मणिपुर की घटना पर राजनीति करने वाले अब आदिवासी छात्रा के साथ हुए दुष्कर्म के मामले पर चुप क्यों है। घटना के दोषियों को फ ांसी की सजा दी जाए। शनिवार रात सुकमा जिले के एर्राबोर के पोटा केबिन में आदिवासी नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म की घटना को लेकर भारतीय जनता पार्टी कोरिया और महिला मोर्चा के नेतृत्व में बैकुंठपुर नगर पालिका कांप्लेक्स परिसर में मुख्यमंत्री व मंत्री कवासी लखमा के इस्तीफे की मांग करते हुए पुतला दहन किया गया है। प्रदर्शन में मुख्य रूप से अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल,उपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष धर्मवती राजवाड़े,जिला पंचायत सदस्य एवं महिला मोर्चा उपाध्यक्ष वंदना विजय राजवाड़े सुनीता कुर्रे जिला पंचायत सदस्य पटना,वरिष्ठ भाजपा नेत्री रामावती राजवाड़े,जिला मंत्री गीता गिरि,महामंत्री संगीता गुप्ता, बबीता ग्वाले उपाध्यक्ष,भाजयुमो जिला अध्यक्ष हितेश प्रताप सिंह, हर्षल गुप्ता महामंत्री,अंजय तिवारी, अभय दुबे,शक्तिमान साहू,रामसुंदर महामंत्री सलका मंडल,मयंक राठौर साहू महिला मोर्चा सोशल मीडिया प्रभारी वर्षा साहू मीडिया प्रभारी कविता यादव, कोषाध्यक्ष, बेगमती एमंडल सलका अध्यक्ष रीता यादव, मंडल पटना ममता कुशवाहा, मंडलअध्यक्ष चर्चा उर्मिला सिंह, महामंत्री प्रियंका सिंह, मंडल उपाध्यक दीपा विश्वकर्मा, नामंती प्रजापति, राजकुमारी तोता रानी इत्यादि सराहनीय भूमिका रही।

## मजलुमो की आह से नहीं बचेगी कांग्रेस, धरना स्थल पर मातम

**रायपुर.** चौधरी ने कहा कि कांग्रेस सरकार की वादाखिलाफी ने संविदाकर्मी मोतीलाल की जान ली है। उनकी यह शहादत व्यर्थ नहीं जायेगी । छत्तीसगढ़ की जनता और कर्मचारी कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेंगे। ओपी चौधरी ने अपने बयान में आगे कहा कांग्रेस ने कर्मचारियों के नियमितीकरण का वादा किया था। तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष टीएस सिंहदेव और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहते हुए भूपेश बघेल ने 10 दिन में नियमितीकरण का लिखित वादा किया था। लेकिन आज इनके जन घोषणा पत्र के निर्माता और चंद महीने के उप मुख्यमंत्री सिंहदेव बयान दे रहे हैं कि संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण करने



में मुश्किल है। दूसरी तरफ इनके संसदीय कार्य मंत्री रविन्द्र चौबे कह रहे हैं कि कैबिनेट में चर्चा कर रहे हैं। यह झूठा आश्वासन और छलावा पौने 5 साल से कर रहे हैं। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि इसी बीच पंडरिया में हड़ताली संविदा कर्मी की मृत्यु हो गई ।कांग्रेस सरकार की संवेदनहीनता सारी सीमाएं लांघ चुकी है। भाजपा ने संविदा कर्मचारियों की मांग का समर्थन किया है। कांग्रेस ने नियमितीकरण का वादा अपने झूठ फरेब के दस्तावेज में किया था। इसी वादे को पूरा करने की मांग पर प्रदेश के संविदा कर्मचारियों को अन्न जल का त्याग करने मजबूर होना पड़ा है।

## ग्राम तुलुफ में अरपा नदी किनारे अज्ञात व्यक्ति की अर्धनग्न हालत में मिली लाश

### बेलगहना चौकी पुलिस जांच में जुटी

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

बेलगहना चौकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत तुलुफ में अरपा नदी किनारे अर्धनग्न हालत में एक 35 से 40 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने की जानकारी बेलगहना चौकी पुलिस को ग्रामीणों द्वारा दी गयी। जानकारी मिलते ही बेलगहना चौकी पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को नदी से बाहर निकाल कर शव का मर्ग कायम कर अज्ञात व्यक्ति की पहचान सहित उसके परिजनों की तलाश कर रही है। बेलगहना चौकी पुलिस से जब इस संबंध में



जानकारी ली गयी तो उनका कहना है कि पिछले दो दिनों से अरपा नदी में तेज बहाव था हो सकता है पेंड्रा की ओर से यह लाश बहकर आई हो। कहि इस अज्ञात व्यक्ति की हत्या कर नदी में लाश को फेंकी गयी हो। फिलहाल बेलगहना चौकी पुलिस में शव का मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर अज्ञात व्यक्ति पहचान सहित उसके परिजनों की तलाश कर रही है।

### तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत, दो घायल

**रायपुर** । जंगल सफारी बायपास मेनरोड में शनिवार के शाम एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार तीन लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे बाइक सवार एक युवती की मौत हो गई। वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है।


मिली जानकारी के अनुसार बाइक क्रमांक सीजी 04 एलजी 8630 से कुमारी योगिता यदु 17 वर्ष, कुमारी भूमिका साहू 17 वर्ष और साहिल सोनी 17 वर्ष तीनों सवार होकर कहीं जा रहे थे। तभी जंगल सफ़ारी बायपास रोड में ट्रक क्रमांक सीजी 06 एम 0805 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे कुमारी योगिता की मौत हो गई। वहीं बाइक सवार साहिल और भूमिका को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फ़रार हो गया। जिसकी पुलिस पतासाजी कर रही है।

## एक दिन में तीन की मौत

### प्रसव के दौरान गर्भवती की मौत, पिता पुत्र को करैत ने डसा अबोध बच्चे की मौत, एक ने फांसी लगाकर दी जान

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ से एक साथ तीन की मौत की खबर सामने आया है, पहला मामला गर्भवती महिला की प्रसव के दौरान मौत हुई है, हम आपको बता दे कि पूरूंगा निवासी मृतिका कुमारी पटेल को प्रसव के लिए रात करीब 12 बजे धरमजयगढ़ सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, जिसकी प्रसव के दौरान मौत हो गई हैं।



वहीं दूसरी घटना ढोंढागांव की है हम आपको बता दें क बरसात शुरू होते ही क्षेत्र में सर्प दंश के मामले बढ़ जाते हैं। आज भी सर्पदंश से एक अबोध बालिका की मौत हो गई। घटना धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम ढोंढागांव की है। जहां बीती रात पिता पुत्री को करैत सांप ने काटा था। परिजनों ने पिता को इलाज के लिए सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में भर्ती करवाया। जहां उपचार के बाद उसकी तबियत ठीक नहीं होने से जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। लेकिन दुधमुंहे बच्ची को सर्प काटने की आभास परिजनों को नहीं हुई। कई घंटों बीत जाने के बाद बालिका जब बेहोश हुआ तो परिजनों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल लाते लाते बहुत देर हो गई थी जिसके कारण बालिका के पूरे शरीर में जहर फैल गया था और उसकी भी ईलाज के दौरान मौत गई। वहीं तीसरी घटना में एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी है, बीती रात युवक ने जंगल किनारे पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र की है। जहां जेलपारा निवासी नरेंद्र नागवंशी पिता रामकुमार नागवंशी उम्र लगभग 22 वर्ष ने पेड़ पर फांसी लगाकर जान दे दी है।

युवक जब घर नहीं पहुंचा तो परिजन खोजबीन में जुट गए थे। तब सुबह नरईटिकरा से आगे पहाड़ किनारे पेड़ पर नरेंद्र की लटकते हुए लाश मिली है। जिसकी सूचना धरमजयगढ़ थाने में दी गई है। धरमजयगढ़ पुलिस सभी मामलों में मर्ग कायम कर आगे की कार्यवाही में जुट गई है। बता दें कि युवक के आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in